**Tirupati Fincorp Limited**
CIN : L67120RJ1982PLC002438
Web : www.tirupatifincorp.in Email : tirupatifincorp31@gmail.com

ISO 9001 : 2008
CERTIFIED COMPANY

**Corporate Office :**
2nd Floor, Plot No. 36,
Pushpa Park, Daftary Road,
Malad (East), Mumbai - 400 097.
Maharashtra, India.
Contact : +91 (022) 71148504

May 22, 2024

To,
The Manager - CRD
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Fort, Mumbai - 400001.

**Ref.:** Scrip Code - 539008

Dear Madam/Sir,

**Sub: Newspaper Advertisement – Disclosure under Regulation 30 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")**

Dear Madam/Sir,

In compliance with Regulation 30 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the audited financial Results of the Company for the year ended March 31, 2024, approved by the Board of Directors in its meeting held on Monday, May 20, 2024, were published the in Jaipur (Business Remedies ) on May 22, 2024. The copies of the same are enclosed herewith.

The same is also available on the Company's website viz.
http://www.tirupatifincorp.in/

Request you to kindly take the same on record.

Thanking You

For **Tirupati Fincorp Limited**

AMEYA DHANANJAY BODAS
Digitally signed by AMEYA DHANANJAY BODAS
Date: 2024.05.22 18:02:17 +05'30'

**Ameya Bodas**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Registered Office**
Office No.G2/G17, Raghuraj Enclave, Krishna Marg,
C- Scheme, Jaipur – 302001, Rajasthan

ISIN No. INE642O01012
BSE Code No: 539008

धर्म, दिल के या समाज के टुकड़े नहीं करता बल्कि टूटे दिल को व समाज को जोड़ने का काम करता है-महास्थवीर शांति मुनि

जयपुर ▪ दिल्ली से प्रकाशित

# बिज़नेस रेमेडीज

वर्ष : 11 | अंक : 128 भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | व्यापार एवं विकास की आवाज | मूल्य : 3 रुपए | पेज : 8 दैनिक www.businessremedies.com

जयपुर। बुधवार 22 मई, 2024

## भारत आर्थिक उड़ान की दहलीज परः आरबीआई बुलेटिन

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** भारत सकल मांग और गांवों में गैर-खाद्यान्न वस्तुओं पर खर्च बढ़ने के साथ बहुप्रतीक्षित आर्थिक उड़ान भरने की दहलीज पर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की जारी मई बुलेटिन में यह कहा गया है। बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए परिदृश्य नाजुक होता जा रहा है। इसका कारण एक तरफ मुद्रास्फीति में में जो गिरावट आ रही थी, वह अब थमती जा रही है, वहीं दूसरी तरफ वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम फिर से बढ़ रहा है। इसमें कहा गया है कि पूंजी प्रवाह अस्थिर हो गया है क्योंकि घबराए निवेशक जोखिम लेने से बचने लगे हैं। यह लेख रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने लिखा है। लेख में कहा गया है, ''यह उम्मीद बढ़ रही है कि भारत बहुप्रतीक्षित आर्थिक उड़ान की दहलीज पर है। इसका कारण हाल के संकेत है जो कुल मांग की गति में तेजी की ओर इशारा कर रहे हैं।''

इसमें कहा गया है कि कम से कम दो वर्षों में पहली बार पिछली तिमाही में दैनिक उपयोग की उपभोक्ता वस्तुओं (एफएमसीजी) की गांवों में मांग शहरी बाजारों से आगे निकल गई है। घरेलू और व्यक्ति गत देखभाल से जुड़े उत्पादों की मजबूत मांग से एफएमसीजी वस्तुओं की मात्रा में वृद्धि 6.5 प्रतिशत रही। इस वृद्धि को 7.6 प्रतिशत की ग्रामीण वृद्धि से गति मिली। वहीं शहरी क्षेत्रों में वृद्धि 5.7 प्रतिशत थी। लेख में निजी निवेश के बारे में लिखा गया है कि सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों ने कमाई का कुछ हिस्सा जो अपने पास रखा, वह 2023-24 की दूसरी छमाही में कोष का प्रमुख स्रोत बना रहा। सूचीबद्ध कंपनियों के अबतक घोषित वित्तीय परिणाम बताते हैं कि उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना और तिमाही आधार पर राजस्व में जो वृद्धि हासिल की, वह सर्वाधिक थी।लेख में लिखा गया है कि हेडलाइन (सकल) मुद्रास्फीति में इस साल अप्रैल में मामूली कमी आई।

# इक्रा ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान




**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर चार तिमाही के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया है।इक्रा का अनुमान है समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री (हेड-रिसर्च एंड आउटरीच) अदिति नायर ने कहा कि कम मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ जिंस की कीमतों से कम लाभ के साथ कुछ औद्योगिक क्षेत्रों की लाभप्रदता में गिरावट से वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में भारत की जीवीए वृद्धि में कमी आने की उम्मीद है।

वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की जीडीपी 6.1 प्रतिशत बढ़ी। समूचे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए वृद्धि सात प्रतिशत थी। इक्रा ने बयान में कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच का अंतर वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 100 आधार अंक (बीपीएस) तक कम होने की संभावना है, जो पिछली तिमाही में विशेष रूप से 185 बीपीएस के उच्च स्तर पर था। जीडीपी एक निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं व सेवाओं का कुल मूल्य है। जीवीए, जीडीपी घटा शुद्ध कर (सकल कर संग्रह सब्सिडी घटाकर) है।

## 'भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाने के लिए पीएलआई का और विस्तार करने की जरूरत'



**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** सरकार को भारत को एक वैश्विक ड्रोन हब (केन्द्र स्थल) बनाने के लक्ष्य को साकार करने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार करने और एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की जरूरत है।

30 सितंबर, 2021 को अधिसूचित पीएलआई योजना के तहत ड्रोन और ड्रोन कलपुर्जों के भारतीय विनिर्माताओं के लिए तीन वित्त वर्षों में 120 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्रदान किया गया था।


नेक्सजेन एक्जिबिशन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, नागर विमानन मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, भारतीय ड्रोन विनिर्माण उद्योग वर्ष 2020-21 के 60 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025 तक 900 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। इसमें यह भी कहा गया है कि 2024-30 की अवधि के दौरान भारतीय ड्रोन बाजार 22.15 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि नवाचार और अपने एप्लिकेशन पोर्टफोलियो के विस्तार के साथ भारत में वर्ष 2030 तक वैश्विक ड्रोन केन्द्र बनने की क्षमता है। अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की कुंजी घरेलू ड्रोन पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में निहित है।

## लॉजिस्टिक ढांचा बढ़ाने में यूएलआईपी का सभी राज्य इस्तेमाल करें: डीपीआईआईटी सचिव



**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** सरकार के एकीकृत लॉजिस्टिक संपर्क मंच (यूएलआईपी) का सभी राज्यों को अपने लॉजिस्टिक ढांचे को बढ़ाने के लिए लाभ उठाना चाहिए। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने राज्यों को सक्रिय रूप से 'यूनिफाइड लॉजिस्टिक इंटरफेस प्लेटफॉर्म' (यूएलआईपी) का लाभ उठाने और पूरे भारत में एक निर्बाध, कुशल और समावेशी लॉजिस्टिक क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति के तहत 17 सितम्बर, 2022 को इस मंच की शुरुआत की गई थी। यह एक डिजिटल माध्यम है जो लॉजिस्टिक पक्षों को एपीआई-आधारित एकीकरण के जरिये विभिन्न सरकारी प्रणालियों से लॉजिस्टिक-संबंधित आंकड़ों तक पहुंच की अनुमति देता है। फिलहाल यूएलआईपी 118 एपीआई के माध्यम से 10 मंत्रालयों की 37 प्रणालियों के साथ एकीकृत होता है, जिनमें 1,800 से अधिक आंकड़ा क्षेत्र शामिल हैं। इस मंच पर निजी क्षेत्र की भागीदारी ने इसके प्रभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके पोर्टल पर 900 से अधिक कंपनियां पंजीकृत हैं। सिंह ने एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, ''यूएलआईपी राज्यों को अपने लॉजिस्टिक ढांचे को बढ़ाने का एक अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है।'' उन्होंने इस मौके पर एक पुस्तिका भी जारी की जो निजी क्षेत्र की कंपनियों और स्टार्टअप के यूएलआईपी एपीआई का उपयोग करने के तरीकों और इसके परिवर्तनकारी प्रभावों पर रोशनी डालती है।

# जेनरेटिव एआई से संभावनाओं के साथ जोखिम बढ़ने की भी आशंका: रिपोर्ट




**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** जेनरेटिव कृत्रिम मेधा (जेनएआई) संभावनाओं के साथ जोखिम की आशंका भी लेकर आता है और दुनियाभर के साइबर सुरक्षा दिग्गजों का एक बड़ा हिस्सा इसके नकारात्मक प्रभाव को लेकर सजग है। एक वैश्विक सर्वेक्षण में यह बात कही गई है। पहचान सुरक्षा मंच साइबरआर्क की तरफ से कराए गए सर्वेक्षण में 93 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें एआई से नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है जिसमें एआई-संचालित मालवेयर और जालसाजी का खतरा सबसे आगे है। साइबरआर्क की 'पहचान सुरक्षा खतरा परिदृश्य रिपोर्ट-2024' 18 देशों में 2,400 साइबर सुरक्षा जानकारों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें पाया गया कि जेनएआई के साथ मशीन की पहचान बढ़ने और तीसरे एवं चौथे पक्ष के जोखिम बढ़ने से 'साइबर ऋण' का निर्माण जारी है। 'साइबर ऋण' का आशय कंप्यूटर, सर्वर और एप्लिकेशन जैसे प्रौद्योगिकी उपकरणों को सही स्थिति में बनाए न रखने पर आने वाली लागत से है।

रिपोर्ट कहती है कि लगभग 99 प्रतिशत संगठन साइबर सुरक्षा पहल में एआई की मदद लेते हैं। हालांकि, रिपोर्ट कहती है कि पहचान-संबंधी हमलों की मात्रा और इसके परिष्कृत उपयोग में वृद्धि की भी आशंका है। कुशल और अकुशल दोनों तरह के हमलावर एआई-संचालित मालवेयर और जालसाजी की अपनी क्षमताएं बढ़ा रहे हैं।

## भारत 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था होगा: चंद्रशेखर



**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था सालाना 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और इसके वर्ष 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए समर्पित 'इंडिया एआई' मिशन का मूल्य भी 10,000 करोड़ रुपये से दोगुना होकर 20,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को पहले 2026-27 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था के एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन कोविड-19 महामारी सहित कई वजहों से इस लक्ष्य को एक साल आगे बढ़ा दिया गया है। चंद्रशेखर ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।

# घरेलू बचत 2023-24 में बढ़ने की संभावना: क्रिसिल रिपोर्ट

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू बचत बढ़ने की संभावना है। विश्लेषण फर्म ने कहा कि शुरुआती संकेतक बताते हैं कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू बचत रफ्तार पकड़ेगी, जबकि घरेलू देनदारियों में वृद्धि घट जाएगी। एक रिपोर्ट में कहा गया, ''शुरुआती आंकड़े वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू बचत के साथ समग्र बचत दर में तेजी का संकेत देते हैं।''

इसमें कहा गया है कि अर्थव्यवस्था में कुल बचत में घरेलू बचत की 60 प्रतिशत हिस्सेदारी है। गौरतलब है कि पिछले साल जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 में भारत की शुद्ध वित्तीय घरेलू बचत दर 7.3 प्रतिशत से घटकर 47 साल के निचले स्तर 5.3 प्रतिशत पर आ गई। क्रिसिल की रिपोर्ट में बताया गया कि महामारी के बाद से आम लोग बचत की तुलना में तेज गति से उधार ले रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि बैंकों के खुदरा ऋण को बढ़ावा देने और उधार लेने की अधिक इच्छा जैसे कारकों के चलते परिवारों में ऋण की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसमें कहा गया कि 2023-24 में बैंक की जमा वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 9.6 प्रतिशत थी। दूसरी ओर बैंकों के खुदरा ऋण की वृद्धि दर घटी है। रिपोर्ट में रियल एस्टेट में उच्च निवेश की प्रवृत्ति जारी रहने की ओर भी इशारा किया।


**Mayur Uniquoters Limited**

**Regd. Office and Works:** Jaipur Sikar Road, Village Jaitpura, Tehsil-Chomu, Distt. Jaipur-303704 (Raj.) India.
**Tel:** 91-1423-224001 **Fax:** 91-1423-224420 **CIN:** L18101RJ1992PLC006952 **Website:** www.mayuruniquoters.com **Email:** secr@mayur.biz

YoY Income up 5%

YoY PBIDT up 22%

YoY PAT up 18%

**Extract of Consolidated Financial Results for the Quarter and Year Ended 31st March 2024**

(Rs. in Lakhs, except stated)

| Sl.No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 (Unaudited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.03.2023 (Unaudited) | 31.03.2024 (Audited) | 31.03.2023 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 22,757.48 | 18,740.74 | 19,507.35 | 83,482.67 | 79,337.65 |
| 2 | Operating Profit (PBIDT) | 4,799.03 | 4,451.01 | 3,706.87 | 19,068.12 | 15,645.45 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period Before Tax | 3,993.01 | 3,645.44 | 2,930.36 | 15,881.97 | 13,170.47 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period After Tax | 3,221.54 | 2,729.94 | 2,338.33 | 12,246.83 | 10,420.70 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period | 3,149.67 | 2,765.29 | 2,237.52 | 12,226.97 | 10,534.48 |
| 6 | Equity Share Capital (of Rs. 5/- each) | 2,197.63 | 2,197.63 | 2,197.63 | 2,197.63 | 2,197.63 |
| 7 | Other Equity (Reserves) | - | - | - | 84,512.42 | 73,164.49 |
| 8 | Earning Per Share: | | | | | |
| | - Basic (in Rs.) | 7.32 | 6.22 | 5.32 | 27.86 | 23.69 |
| | - Diluted (in Rs.) | 7.32 | 6.22 | 5.32 | 27.86 | 23.69 |

Note: *Standalone Financial Information of the Company, pursuant to Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR): (Rs. in Lakhs, except stated)

| Sl.No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 (Unaudited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.03.2023 (Unaudited) | 31.03.2024 (Audited) | 31.03.2023 (Audited) |
| 1 | Turnover | 21,610.22 | 17,464.11 | 19,880.24 | 76,424.04 | 76,409.09 |
| 2 | Operating Profit (PBIDT) | 4,765.94 | 4,685.27 | 4,189.56 | 18,659.17 | 15,980.16 |
| 3 | Profit before Tax | 3,971.16 | 3,887.28 | 3,422.00 | 15,510.46 | 13,533.90 |
| 4 | Profit after Tax | 3,198.44 | 2,925.32 | 2,737.61 | 11,954.78 | 10,748.14 |

*The above is an extract of the detailed format of Quarter and Year Ended Audited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited Standalone and Consolidated Quarterly and Yearly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.nseindia.com and www.bseindia.com, and also on Company's website at www.mayuruniquoters.com

For and on behalf of the Board of Directors
**Suresh Kumar Poddar**
Chairman & Managing Director & CEO
DIN-00022395

Place: **Jaipur**
Date: **May 21, 2024**


PU Garments


Handbag


Automotive


Footwear


Furnishing


Marine Upholstery


Accessories

BUSINESS

न्यूज ब्रीफ

## आठ दिवसीय नैतिक संस्कार शिविर का हुआ शुभारंभ

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** श्री जैनाचार्य देवेन्द्र महिला संस्थान की ओर से आज से देवेन्द्र धाम में आयोजित किये जा रहे 8 दिवसीय नैतिक संस्कार शिविर प्रारम्भ हुआ। संस्थान अध्यक्ष संध्या नाहर ने बताया कि शिविर में 70 बच्चें भाग ले रहे है। शिविर का उद्घाटन शशि भण्डारी द्वारा किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्रार्थना, नवकार मंत्र एवं ध्यान से हुआ। प्रथम दिन गर्वित चौधरी ने शिविरार्थियों को योगा का प्रशिक्षण देकर इससे होने वाले फायदे बतायें। मंत्री इन्दिरा चोर्डिया ने बताया कि इसके अतिरिक्त शिविर में धार्मिक भजन, डांस, गीत, आर्ट एण्ड क्राफ्ट की कक्षायें आयोजित की जायेगी। संरखिका लीला नाहर, मार्गदर्शिका ममता रांका, रेखा चोर्डिया व संगठन मंत्री रंजना चौहान ने बताया कि शिविर प्रातः 6 बजे से 11.30 बजे चलेगा। जिसमें 6 से 14 वर्ष तक के बच्चें भाग ले रहे है। संचालन मोनिका नाहर ने किया। अंत में कोषाध्यक्ष वनीता पामेचा ने आभार ज्ञापित किया।

## राउंड टेबल इंडिया पांच हजार वंचितों को करायेगा भोजन

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** उदयपुर राउंड टेबल 253 की ओर से पावर पैक्ड कम्युनिटी फूड ड्राइव चलायी जायेगी, जिसके तहत लाइव कीचन के जरिये 50 दिनों तक 5,000 वंचितों को भोजन कराया जायेगा। टेबल चेयरमैन अनीश चौधरी ने बताया कि भुवाना सर्किल पर चलायी जा रही यह योजना आगामी 30 जून तक चलेगी। जिसमें 50 दिनों के लिए दैनिक भोजन परोसेंगे। सामुदायिक सेवा संयोजक कुणाल बागरेचा ने बताया कि यहां पर सिर्फ जरूरतमंद व वंचितों को ही भोजन कराया जायेगा। भोजन सिर्फ एक बुनियादी जरूरत नहीं है, यह आशा, गरिमा और प्रेम का प्रतीक है और सभी को उसी प्यार से उन लोगों को भोजन कराया जायेगा।

## आदिवासी संघ का 58वां स्थापना दिवस समारोह आज

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** राजस्थान आदिवासी संघ का 58 वां स्थापना दिवस समारोह 22 मई को धुणी माता मन्दिर, भीलुराणा परिसर, हवाई अड्डा, डबोक के पास प्रातः 10 बजे आयोजित किया जायेगा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष भूपतसिंह भगोरा ने बताया कि इस आयोजन में समाज के सभी वर्तमान एवं पूर्व मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जिला प्रमुख प्रधान, सरपंच एवं जन प्रतिनिधि, समाज के शिक्षित प्रबुद्धजन सभी सामाजिक संगठनों के कार्यकर्तागण, समाज के मुखिया, चोखला अध्यक्ष, पंच पटेल मेट, कोटवाल, साधुसंतों, विद्यार्थियों तथा विशेषकर समाज की युवा पीढ़ी भाग लेंगी। इस अवसर पर दलगत राजनैतिक भावनाओं से ऊपर उठकर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए विचार रखें जायेंगे।

# माइनिंग सेक्टर में करीब पांच लाख छायादार-फलदार पौधे लगाये जाएंगे : खान सचिव आनंदी

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** माइंस विभाग द्वारा मानसून के दौरान राज्य के खनन क्षेत्रों व विभागीय कार्यालयों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। माइंस सचिव आनन्दी ने बताया कि कलस्टर आधार पर भी वृक्षारोपण करवाया जाएगा ताकि मानसून के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण-वृक्षारोपण के साथ ही लगाये जाने वाले पौधों/वृक्षों का रखरखाव भी सुनिश्चित हो सके। वृक्षारोपण के दौरान छायादार व फलदार पौधे लगाने को प्राथमिकता दी जाएगी। विभागीय अधिकारी स्थानीय प्रशासन व वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए पौधे प्राप्त कर सामूहिक वृक्षारोपण करवाएंगे।



आनन्दी ने बताया कि माइनिंग सेक्टर में इस मानसून सीजन में लगभग पांच लाख से अधिक पौधे लगाये जाएंगे। वृक्षारोपण कार्य के लिए सभी विभागीय कार्यालयों में एक-एक अधिकारी को इस कार्य के देखरेख की जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं मुख्यालय स्तर पर अतिरिक्त निदेशक पर्यावरण एवं विकासदीपक तंवर मॉनिटरिंग करेंगे। खान सचिव द्वारा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम में माइंसधारकों की भूमिका व सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। खान सचिव ने कहा कि माइंस विभाग के खनन गतिविधियों से जुड़े होने के कारण पर्यावरण संरक्षण की भी अधिक जिम्मेदारी हो जाती है। प्रत्येक जिले के खनन पट्टा क्षेत्रों में जहां खनन कार्य पूरा होकर बंद हो चुका है वहां कम से कम एक खान चिन्हित कर उसका पुनर्भरण करवाने और फिर उस स्थान पर व्यापक वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कलैस्टर बनाकर व विभागीय कार्यालयों में पौधारोपण के साथ ही माइनिंग लीज क्षेत्रों में पौधारोपण करवाया जाएगा।

आनन्दी ने बताया कि प्रदेश में मेजर व माइनर मिनरल की छोटी-बड़ी 30 हजार से अधिक माइंस है। विभागीय अधिकारी माइंस धारकों से समन्वय बनाते हुए पौधारोपण करवायेंगे, ताकि वृहद स्तर पर पौधारोपण हो सके। उन्होंने बताया कि खाली स्थानों को चिन्हित कर कलस्टर बनाकर भी पौधारोपण किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा है कि पौधारोपण के साथ ही मानसून सीजन के दौरान लगाये जाने वाले पौधों व वृक्षों के रखरखाव और सारसंभार की जिम्मेदारी भी दी जाएं ताकि माइंस विभाग का वृक्षारोपण अभियान अपने उद्देश्यों में पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि छायादार-फलदार वृक्षों में नीम, बरगद, बड़, पीपल, आम, शहतूत, शीशम, गुलमोहर, अशोक, जामुन आदि वृक्षों को लगाया जाएगा। पौधारोपण-वृक्षारोपण के दौरान राजस्थान की भौगोलिक स्थितियों के अनुसार कम पानी और जल्दी बढ़ने वाले वृक्षों और पौधों को लगाने में प्राथमिकता दी जाएगी। अभियान के दौरान लगाये जाने वाले पौधों-वृक्षों के देखभाल की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## जयपुर प्रवासी केशव अग्रवाल को रेडिंगटन ग्रुप दुबई ने क्वार्टरली शाइनिंग स्टार अवार्ड से सम्मानित किया



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** जयपुर प्रवासी दुबई निवासी केशव अग्रवाल पुत्र डॉ. अरुण अग्रवाल को लगातार दूसरी बार सफल प्रदर्शन के लिए रेडिंगटन ग्रुप, दुबई द्वारा क्वार्टरली शाइनिंग स्टार का अवार्ड प्राप्त हुआ। यह अवार्ड इन्हें फाइनेंसियल ईयर 2023-2024 के तीसरे व चौथ क्वार्टर के लिए दिया गया। केशव दुबई स्थित रेडिंगटन ग्रुप के मोबिलिटी सोल्यूशंस ग्रुप में बिज़नेस मैनेजर हैं। यह अवार्ड जय मोरदानी (वाईस प्रेसिडेंट), जिम मैथ्यु (प्रेसिडेंट), विश्वानाथ पल्लासेना (सीईओ), विक्रम् गोपाल (वाईस प्रेसिडेंट) ने केशव अग्रवाल को प्रदान किया।

## ईएआर अध्यक्ष एन. के. जैन 'मोस्ट करेजियस पर्सनेलिटी-2024' अवार्ड से सम्मानित

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** दी एम्पलॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष एन. के. जैन को कोटा में 'मोस्ट करेजियस पर्सनेलिटी -2024' अवार्ड से सम्मानित किया गया। 'करेजियस कम्यूनिटी फाउण्डेशन की लॉचिंग अवसर पर जिसको फाउंडेशन के चेयरमैन व संस्थापक निदेशक (फाउण्डर डायरेक्टर) वी. के. जेटली ने कोटा में शुरु किया एवं मुख्य अतिथि आलोक बी. श्रीराम चेयरमैन डीसीएम श्रीराम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, देहली ने अपने हाथों से ट्रॉफी एन. के. जैन को प्रदान करते हुए उनके उद्योग, व्यापार, वाणिज्य कौशल विकास व सामाजिक उत्थान में किये गये




आलोक बी. श्रीराम ने ईएआर अध्यक्ष एन. के. जैन को ट्रॉफी प्रदान की।

अतुलनीय प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी वे देश के युवाओं के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर कोटा क्लब में आयोजित भव्य समारोह में उद्योग जगत के जाने माने लोग सम्मिलित हुए। करुणा श्रीराम, कनिका श्रीराम, गोविन्द राम मित्तल, के. एल. जैन, मेजर विक्रम सिंह, अशोक ध्यानचन्द, निगम प्रकाश, प्रेम जे भाटिया, अजय गुप्ता, पूजा गुप्ता, बसन्त जैन, कोटा के कोठारी ग्रुप, गोयल प्रोटीन ग्रुप, चम्बल फर्टिलाईजर ग्रुप, एसोसिएटेड स्टोन, भाटिया एण्ड कम्पनी आदि जाने माने उद्योगपतियों व आरटीयू के वीसी एस. बी सिंह, बीटीयू के एच. डी. चारण, एन. पी. कौशिक, राजीव गुप्ता, एलन के संस्थापक आदि शिक्षाविदों ने एन. के. जैन को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## 'करेज अंडर प्रेशरः रेस्क्यु ऑपरेशन' विषयक तकनीकी वार्ता का हुआ आयोजन

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, राजस्थान चैप्टर, उदयपुर के तत्वावधान में 'करेज अंडर प्रेशरः रेस्क्यु ऑपरेशन' विषय पर एक तकनीकी वार्ता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बचाव कार्यों के विशेषज्ञ, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मनीष मेघवाल, प्रबंधक (खनन) कायड माइंस, वेदांत कृष्ण तिवारी, उप प्रबंधक (खनन) बचाव प्रमुख एवं टॉम्स जोसेफ, प्रबंधक (खनन) ने 'करेज अंडर प्रेशरः रेस्क्यु ऑपरेशन' विषय पर अपनी तकनीकी वार्ता प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आधुनिक उपकरणों और बचाव तकनीकों का उपयोग कर खनिकों को सुरक्षित निकाला जा सकता है, चाहे वह



भूमिगत आग हो, चट्टानों का गिरना, अचानक पानी का बहाव, रोड एक्सीडेंट, या ऊँचाई पर काम करना हो।

इस अवसर पर बचाव कार्यों में काम आने वाली एंबुलेंस, रिफ्यूज चैम्बर, भूमिगत मशीनों में आग से बचाव, आपातकालीन तैयारी, और एडवांस रेस्क्यू ट्रेनिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की बचाव टीम ने केवल भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी कुशलता का लोहा मनवाया है। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि गत 16 मई को हिन्दुस्तान कॉपर कोलियान खदान की लिफ्ट मशीन की चैन टूटने से जो हादसा हुआ उसमें उनके कई अधिकारी एवं कर्मचारी फंस गए। पीड़ितो को सुरक्षित निकालने के लिए केसीसी की बचाव टीम को सहयोग करने के लिए उपमहानिदेशक नोर्थ वेस्ट जोन के निर्देश पर हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने मनीष मेघवाल, वेदांत कृष्ण तिवारी, टॉम्स जोसेफ, भूपेन्द्र सिंह, लवराज जांगीर, कमलेश सुथार, पुखराज यादव, राजमल लोहार, धर्माराम, जय सिंह व अक्षर दादुरे को भेजा। इस टीम द्वारा साहस एवं धैर्य का परिचय देते हुए सभी पीड़ितों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की। इस विशेष कार्य के लिए माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन, राजस्थान चैप्टर, उदयपुर ने इन सभी को प्रशंसा पत्र और उपरणा शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ मे एमईएआई उदयपुर के अध्यक्ष मधुसूदन पालीवाल ने सभी का स्वागत करते हुए उपरोक्त टीम को आपातकालीन समय में धैर्य, तुरंत निर्णय लेने, बचाव रणनीति अपनाने और दुर्घटना की जटिलताओं का सामना करने के लिए धन्यवाद दिया। अरुण कुमार कोठारी, भूतपूर्व अध्यक्ष एमईएआई ने बताया कि किस प्रकार हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की टीम ने अपने जान की परवाह किए बिना लिफ्ट में फंसे पीड़ितों को बाहर निकाला।

निदेशक खान सुरक्षा बी दयासागर ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस कठिन परिस्थिति में टीम द्वारा लिए गए भावनात्मक निर्णय, मानसिक मजबूती और संयम का परिचय देते हुए बचाव कार्य करना कितना चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि टीम को अपने अनुभव और निर्णयों को अपने साथियों के साथ साझा करना चाहिए, ताकि वे भी ऐसी परिस्थितियों में सही निर्णय ले सकें।

## 'विकसित राजस्थान 2047 के लिए शिक्षा क्षेत्र के हितधारक टाइमलाईन के अनुसार लक्ष्य तय करें'

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने कहा कि विकसित राजस्थान 2047 के लिए शिक्षा क्षेत्र के हितधारक टाइमलाईन के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर विजन डॉक्यूमेंट तैयार करें।

कुणाल शिक्षा संकुल में शिक्षा क्षेत्र के हितधारकों के साथ विजन डॉक्यूमेंट विकसित राजस्थान 2047 तैयारी के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करे रहे थे। उन्होंने उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम सदुपयोग करने, सह-शैक्षणिक गतिविधियों को



बढ़ावा देने, रिसर्च का उपयोग करने, नवाचारों को बढ़ावा देने, स्किल डवलपमेंट एवं ब्रांडिंग पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रोजेक्ट मेनेजमेंट इकाई द्वारा तैयार प्रजन्टेशन, शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान की चुनौति एवं परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा की गई एवं सुझाव आमंत्रित किए गए।

बैठक में शासन सचिव, विज्ञान एवं तकनीकि वी. सरवन कुमार, आयुक्त मिड-डे मील विश्व मोहन शर्मा, आयुक्त कॉलेज शिक्षा पुखराज सैन, विशिष्ट शासन सचिव, शिक्षा चित्रा गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# लंबित राजस्व प्रकरणों का हो त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण : जिला कलैक्टर प्रकाश राजपुरोहित

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** जिले में राजस्व अधिकारी भू-रूपांतरण सहित राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करें, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। इसके लिए सभी राजस्व अधिकारी अपने न्यायालय में दर्ज राजस्व प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित करें एवं लक्ष्य हासिल करने के लिए सप्ताह में पांचों दिन कोर्ट लेकर ज्यादा से ज्यादा दावों की सुनवाई करें। यह बात कलैक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने राजस्व अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही।

मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलक्टर ने जिले में भू-आवंटन, औद्योगिक प्रयोजनार्थ भू-संपरिवर्तन, नामान्तरण, सीमाज्ञान, कुर्रेजात, पत्थरगढ़ी एवं सहित सभी तरह के लम्बित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारित करने के निर्देश दिये, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत प्रदान की जा सके।



राजपुरोहित ने ग्रीष्मऋतु के दौरान आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने, क्षेत्र का निरीक्षण करने, लीकेज सहित अन्य समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक कलैक्टर ने अधिकारियों को रात्रि चौपाल एवं दौरों का विवरण संपर्क पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण कर आमजन को राहत देने के निर्देश दिये।

बैठक में कलैक्टर ने राजस्व अधिकारियों को जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र लंबित प्रकरणों के भी निस्तारण के निर्देश दिये।

साथ ही, उन्होंने कहा कि पेंशन संबंधी प्रकरणों का भी निस्तारण के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलैक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलैक्टर (तृतीय) राजकुमार कस्वां, अतिरिक्त जिला कलैक्टर (पूर्व) सुमन पंवार, अतिरिक्त जिला कलैक्टर दूदू गोपाल परिहार सहित जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मुराद

है भगवन् मेरा सम्यक् ज्ञान वर्धमान हो मेरा मनोबल वर्धमान हो मेरी ईच्छा अच्छा समर्पण वर्धमान हो। मेरी कर्मनिर्णय वर्धमान हो मेरा गुणानुराग वर्धमान हो मेरा त्याग तप वर्धमान हो मेरा अनाश्क्त योग वर्धमान हो मेरा निस्पृह भाव वर्धमान हो मेरा क्षमाभाव वर्धमान हो मेरी अनुकंपा भाव वर्धमान हो मेरी करूणा दया वर्धमान हो मेरा वितराग भाव वर्धमान हो मेरा धर्मानुराग वर्धमान हो मेरा वितराग भाव वर्धमान हो मेरा धर्मानुराग वर्धमान हो कर्म विजय के क्षेत्र में मेरी हिम्मत हौसला वर्धमान हो आत्मा के हर क्षेत्र प्रदेश और शरीर के कण कण में नूर वर्धमान हो पलकें ऊपर उठे तो महसूस हो इन्हीं मंगलभावों के तानों-बानों से बना मजबूत मेरा प्यारा देश हिन्दुस्तान हो।

**चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा।**

## राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2024 में तीन दिन में 30 लाख रूपए के मसालों की हुई बिक्री

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** जयपुरवासियों की पसंद बना राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2024 में मसालों की जमकर खरीददारी हो रही है और दो दिन में करीब 30 लाख रुपये के मसालों सहित अन्य सामग्रियों की बिक्री हो चुकी है। जवाहर कला केंद्र में 19 मई से आयोजित हो रहा यह मेला 28 मई तक चलेगा। यह जानकारी मंगलवार को उपभोक्ता संघ की प्रबंध निदेशक शिल्पी पाण्डे ने दी। उन्होंने बताया कि मेले में जयपुरवासी बड़ी मात्रा में अपनी आवश्यकता के अनुसार साबुत एवं पिसे मसालों की खरीद कर रहे हैं। कॉनफैड के उपहार स्टोर पर उच्च क्वालिटी की लाल मिर्च, धनिया (रामगंज मंडी), सांगली की हल्दी, जीरा और सौंफ की खरीददारी के लिये लोगों में जबरदस्त क्रेज चल रहा है।

पाण्डे ने बताया कि इस बार इरोड की हल्दी, चौन्नई की मुण्ड मिर्ची, सांभर मसाला, केरल की दालचीनी, कालीमिर्च, लौंग, काजू, बनाना चिप्स उपलब्ध कराया गया है। मेले में इन सभी उत्पादों की बिक्री को देखते हुये तमिलनाडु एवं केरल से इन उत्पादों का अतिरिक्त स्टॉक मंगवाया जा रहा है। मेले में पंजाब का रेडी टू इट प्रोडक्ट की डिमांड बनी हुई है।

उपभोक्ता संघ के महाप्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि मेले में नागौर की सूखी सब्जियां जैसे कैर, सांगरी, कुमटी, काचरी एवं टिण्डा के अलावा देशी जीरा, पान मैथी, हरी दाना मैथी, पीली दाना मैथी व रोस्टेड अलसी उपलब्ध कराई जा रही है।

**आवश्यकता**

**बिजनेस रेमेडीज दैनिक समाचार पत्र को कोटा, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली में खबरों एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।**

सम्पर्क करें

**बिज़नेस रेमेडीज**

63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020

0141-3594672, 9929106227

E-Mail: remediesbusiness@gmail.com

businessremedies@yahoo.com

# शुद्ध शाकाहारी पशु आहार सप्लीमेंट्स और पशु आहार निर्माण एवं बिक्री क्षेत्र में कार्यरत देश की प्रमुख कंपनी है 'अजूनी बायोटेक लिमिटेड'




## राइट्स इश्यू के जरिए 43.81 करोड़ रुपए जुटा रही है कंपनी

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** पंजाब के मोहाली आधारित 'अजूनी बायोटेक लिमिटेड' शुद्ध शाकाहारी पशु आहार सप्लीमेंट्स और पशु आहार निर्माण एवं बिक्री क्षेत्र में कार्यरत देश की प्रमुख कंपनी है। कंपनी द्वारा कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं, कंपनी की विस्तार योजनाओं, भूमि अधिग्रहण, अधिग्रहीत संयंत्र व मशीनरी खरीद और कॉर्पोरेट उद्देश्य को पूरा करने के लिए राइट्स इश्यू के जरिए 43.81 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। इस लेख में कंपनी की कारोबारी गतिविधियां, वित्तीय प्रदर्शन, कारोबारी विस्तार, इंडस्ट्री डायनॉमिक्स, प्रवर्तक अनुभव और राइट्स इश्यू की जानकारी जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया है।

**Issue opens on Tuesday, 21st May 2024 and closes on Friday, 31st May 2024**

**AJOONI BIOTECH LIMITED**

A leading innovator in pure veg animal feed production, now offering a rights issue

| Issue Opens | Issue Price | Issue Closes |
|---|---|---|
| 21st May, 2024 | ₹ 5 / equity share | 31st May, 2024 |

| Issue Size | Face Value | No. of Shares |
|---|---|---|
| ₹ 43.81 cr | ₹ 2 per share | 8,76,13,721 |

### कंपनी की कारोबारी गतिविधियां

2010 में स्थापित अजूनी बायोटेक लिमिटेड अग्रणी शुद्ध शाकाहारी पशु आहार एवं सप्लीमेंट्स निर्माण कंपनियों में से एक है। पशु स्वास्थ्य देखभाल समाधान कंपनी के तौर पर अजूनी डेयरी किसानों की उत्पादकता में सुधार और पशुधन की पैदावार में लगातार वृद्धि के लिए समर्पित है।

अजूनी फ़ीड सप्लीमेंट्स और एक पशु के पूरे जीवन-चक्र को कवर करने के लिए गुणवत्तापूर्ण मवेशी फ़ीड, मवेशी फ़ीड चिप्स, ऊंट फ़ीड, कपास तेल केक, सरसों तेल केक और फ़ीड सप्लीमेंट्स की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। कंपनी इफको किसान, मदर डेयरी, पारस डेयरी और सहज डेयरी जैसी प्रमुख कंपनियों के मुख्य आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। कंपनी डेयरी विकास विभाग, पंजाब सरकार (भारत) के साथ पंजीकृत है और भारत की पहली जीएमपी प्रमाणित मवेशी फ़ीड कंपनी के साथ आईएसओ 9001-2015 (गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली) आईएसओ 14001:2015 (पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली), आईएसओ-45001:2018(व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) जैसे प्रमुख सर्टिफिकेट रखती है। कंपनी भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और विनिर्माण आईएसआई के साथ पंजीकृत है। अजूनी भारत की पहली शुद्ध शाकाहारी पशु आहार कंपनी होगी जिसके पास प्रधानमंत्री की मेक इन इंडिया पहल के तहत जेड गोल्ड प्रक्रिया है।

अजूनी भारत की पहली शुद्ध शाकाहारी पशु आहार सप्लीमेंट्स कंपनी है जिसके पास एमएसएमई प्रतिस्पर्धी (लीन) योजना (एमसीएलएस) प्रमाणन है। कंपनी के पास 14 वर्षों का विशाल अनुभव है और कंपनी 12000 किसानों के साथ काम कर रही है। कंपनी के पास 1,60,000 एमटीपीए की संचयी पशु चारा उत्पादन क्षमता और 30 लाख लीटर प्रति वर्ष की तरल सप्लीमेंट्स क्षमता के साथ दो अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं हैं। कंपनी की सप्लीमेंट्स बनाने की क्षमता 55 लाख लीटर प्रतिवर्ष, शुद्ध शाकाहारी पशु आहार निर्माण करने की क्षमता 57000 मेट्रिक टन प्रतिवर्ष और ड्राई पाउडर सप्लीमेंट्स बनाने की क्षमता 3000 मेट्रिक टन प्रतिवर्ष है। कंपनी के पास 40000 वर्ग मीटर का वेयरहाउस, दो निर्माण इकाई के साथ 13 राज्यों और तीन देशों में उपस्थिति है।

### इंडस्ट्री डायनॉमिक्स

भारत में मवेशियों और भैंसों की एक बड़ी आबादी है, जिसमें 125 मिलियन से अधिक दुधारू गायें और भैंसें शामिल हैं। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी संख्या में पशुधन हैं। देश में 110 मिलियन की सबसे बड़ी भैंस आबादी भी है। 192 मिलियन की मवेशी आबादी के साथ, भारत की कुल गोजातीय आबादी 2020 में 303 मिलियन थी। इससे स्पष्ट होता है कि देश में पशु आहार के लिए बड़ी मात्रा में पशु उपलब्ध हैं।

मिश्रित पशु चारा (सीसीएफ) उद्योग पूरे भारत में, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास का अनुभव कर रहा है, जो ब्रांडेड पशु चारा उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण संभावनाओं का संकेत देता है। मवेशी आबादी में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है और यहां मवेशियों की संख्या में 4 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर का अनुमान है, जो चारा उद्योग में पर्याप्त अवसरों को उजागर करता है। वैश्विक दुग्ध उत्पादन में भारत प्रथम स्थान पर है लेकिन दूध की पैदावार वैश्विक औसत से काफी कम है।

पशु आहार दूध की लागत का मुख्य घटक है। इस क्षमता के बावजूद, भारत में पशु आहार उत्पादन का मौजूदा स्तर बाज़ार क्षमता से कम है। आधुनिक तकनीकों और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाते हुए उद्योग धीरे-धीरे अधिक संगठित क्षेत्र में परिवर्तित हो रहा है। जबकि ऐतिहासिक रूप से, पशु आहार उत्पादन में वैज्ञानिक तरीकों का अभाव था, 2006 में कारगिल जैसी प्रमुख कंपनियों के हस्तक्षेप के कारण अधिक उन्नत उत्पादन विधियों को अपनाया गया। भारत वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते पशु चारा बाजारों में से एक है एवं 2022 में बाजार का आकार लगभग 13.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अनुमान है कि च वृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ 2023 और 2028 के बीच 4 फीसदी वृद्धि के साथ 2028 तक लगभग इसमें 17.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि होगी। भारत की महत्वपूर्ण पशुधन आबादी और प्रत्याशित 4 फीसदी वृद्धि दर को देखते हुए, भारतीय पशु चारा उद्योग में काफी वृद्धि की संभावना है। इस स्थिति का फायदा इस क्षेत्र में कार्यरत 'अजूनी बायोटेक लिमिटेड' को लंबे समय तक मिलेगा।

### कंपनी प्रवर्तकों का अनुभव


गुरमीत सिंह भाटिया

अजूनी बायोटेक लिमिटेड के संस्थापक और प्रमोटर गुरमीत सिंह भाटिया को 40 वर्षों से अधिक का अनुभव है, जो एक रणनीतिक मानसिकता और परिणाम-उन्मुख दृष्टिकोण द्वारा चिह्नित है। उनका नेतृत्व विभिन्न क्षेत्रों और क्षेत्रों में व्यापार संचालन का विस्तार करने, राजस्व वृद्धि और बाजार में प्रवेश को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है। संगठनात्मक उद्देश्यों के अनुरूप व्यावसायिक योजनाओं को विकसित करने और क्रियान्वित करने में उनकी निपुणता जटिल परिदृश्यों को सुलझाने और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पूंजीकरण करने में सहायक रही है। सुरक्षा मुद्रण, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि-जैव प्रौद्योगिकी, पशु-फार्मा और पशु स्वास्थ्य देखभाल जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ, उन्होंने लगातार परिणाम देने के लिए वित्त, विपणन, मानव संबंधों और संचालन में अपने कौशल का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है। उनका मानना है कि जुनून, धैर्य, दृढ़ता और दृढ़ता सफलता के लिए एक अपराजेय संयोजन बनाते हैं।


जसजोत सिंह

कंपनी प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक जसजोत सिंह को शुद्ध शाकाहारी पशु आहार निर्माण,पशु स्वास्थ्य देखभाल, फार्मास्यूटिकल्स और जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 14 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव है। एक अग्रणी युवा उद्यमी के तौर पर उनके पास फार्मा और बायोटेक क्षेत्रों में मूल्यवान नेतृत्व और बोर्ड का अनुभव है। उनको पंजाब सरकार के उद्योग विभाग से उत्कृष्टता पुरस्कार मिला है। उन्हें सेंटर फॉर इंटरनेशनल ट्रेड एंड इंडस्ट्री द्वारा प्रथम गुणवत्ता पुरस्कार और आर्थिक विकास परिषद द्वारा युवा उद्यमियों के लिए उद्योग पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। वे ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से एमबीए हैं।

### राइट्स इश्यू की जानकारी

कंपनी 5 रुपए प्रति शेयर निर्गम मूल्य पर 8.76 करोड़ पूर्ण-भुगतान इक्विटी शेयर जारी कर 43.81 करोड़ रुपए जुटा रही है। राइट्स इश्यू में शेयरों की कीमत 5 रुपए प्रति शेयर निर्धारित की गई है जो की 18 मई 2024 को बंद शेयर मूल्य पर 20% से अधिक की छूट पर आधारित है और राइट्स इश्यू 31 मई 2024 को बंद हो जाएगा। प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1:1 है यानि पात्र इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 इक्विटी शेयर ( 2 रुपए ) के लिए 1 रुपये के राइट्स इक्विटी शेयर जारी होंगे। कंपनी प्रवर्तक समूह भी राइट्स इश्यू में भाग ले रहा है। 7 मई, 2024 को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 इक्विटी शेयर के लिए 2 रुपये के अंकित मूल्य का 1 इक्विटी शेयर) ऑन-मार्केट अधिकार अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 27 मई, 2024 है।

### कारोबारी विस्तार

अजूनी के अलावा संगठित सूचीबद्ध क्षेत्र में बहुत कम कंपनियां हैं जो शुद्ध शाकाहारी हैं। भारत में कंपनी पशु आहार एवं सप्लीमेंट्स आहार की आपूर्ति जम्मू और कश्मीर, घरेलू उपस्थिति, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, बिहार, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में कर रही है। कंपनी वर्तमान में नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका में उत्पादों का निर्यात कर रही है और अन्य एशियाई देशों में निर्यात करने की योजना पर कार्य कर रही है। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में कंपनी के वर्तमान डीलर और वितरक नेटवर्क 50 से अधिक हैं और पूरे भारत में अपने ब्रांड के लिए एक वर्ष के भीतर 300 तक पहुंचने की उम्मीद है। 17 मई 2024 को, कंपनी ने उनाती एग्री एलाइड एंड मार्केटिंग मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (UAMMCL) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य शुद्ध शाकाहारी भोजन को बढ़ाना है। परिचालन क्षेत्र के भीतर कच्चे माल की आपूर्ति, भंडारण, भंडारण, उपभोक्ता कनेक्टिविटी और अनुसंधान और विकास को शामिल करते हुए आगे और पीछे एकीकरण के माध्यम से पशु चारा भी एकत्रित किया जाएगा। अपनी रणनीतिक विकास योजना के हिस्से के रूप में, अजूनी मोरिंगा पौधों की खेती के लिए आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनायेगी। यूएएमएमसीएल के सहयोग से, कंपनी शुरू से ही मोरिंगा रोपण प्रक्रिया शुरू करेगी, शुद्ध शाकाहारी पशु आहार और सप्लीमेंट्स दोनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अंतिम उत्पादों के निर्माण के लिए मोरिंगा की पत्तियों और बीजों के प्रसंस्करण की प्रगति करेगी। कंपनी जी.टी. रोड, खन्ना, पंजाब में (उनके मौजूदा संयंत्र के निकट) 87,000 वर्ग फुट का नया प्लांट पर 16.50 करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्थापित करने की योजना बना रही है। नई इकाई 3 ब्याज छूट, भारत सरकार द्वारा 50 लाख की कैपिटल सब्सिडी, 100 जीएसटी और 100 स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति सहित कई अन्य लाभ प्राप्त होंगे। कंपनी अपनी वर्तमान क्षमता से अलग 70,000 मेट्रिक टन प्रतिवर्ष पशु आहार सप्लीमेंट्स और पशु आहार निर्माण क्षमता पर कार्य कर रही है। क्रिसिल लिमिटेड ने कंपनी की दीर्घकालिक क्रेडिट सुविधाओं की रेटिंग बढ़ाकर 'क्रिसिल बीबी+/स्टेबल' कर दी है।

### कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन

वित्त वर्ष 2019 से 2023 तक कंपनी ने राजस्व में 13.41 फीसदी की और ईबिटा में 13.40 फीसदी वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने 74.49 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 1.12 करोड रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया था। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने.......... अर्जित किया है। कंपनी का टर्नओवर वित्त वर्ष 2026-27 में 250-270 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है और कंपनी का शुद्ध लाभ मार्जिन 5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

**नोट: यह लेख निवेश सलाह नहीं है।**

---

## स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने शैक्षिक ऋण की पेशकश के लिए फिनटेक के साथ साझेदारी की

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने हाईयर एजुकेशन चाहने वाले व्यक्तियों को एजुकेशनल लोन्स देने के लिए एक लीडिंग फिनटेक कंपनी के साथ साझेदारी की है। इस कोलैबोरेशन का उद्देश्य छात्रों के लिए शिक्षा को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है, जिससे उन्हें अपने एकेडमिक गोल्स को प्राप्त करने के लिए मज़बूत बनाया जा सके। इस स्ट्रेटिजिक पार्टनरशिप के द्वारा, स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड छात्रों की जरूरतों के अनुसार कॉम्पिटेटिव लोन देने के लिए फिनटेक कंपनी के इनोवेटिव प्लेटफॉर्म और स्टूडेंट फाइनेंसिंग में विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा। लोन्स में ट्यूशन फीस, रहने का खर्च और अन्य एजुकेशनल कॉस्ट्स शामिल होंगी, जिससे यह तय होगा कि फाइनेंशियल दबाव छात्रों को क्वॉलिटी प्राप्त करने में बाधा न बनें। स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड और फिनटेक के बीच पार्टनरशिप फाइनेंशियल लिट्रैसी और एजुकेशन के महत्व पर भी ज़ोर देती है। अपनी संयुक्त पहल के हिस्से के रूप में, वे छात्रों और उनके परिवारों को उनकी एजुकेशन की फाइनेंसिंग के बारे में इन्फॉर्म्ड डिसीज़न लेने में मदद करने के लिए रिसोर्सेज़ और टूल्स प्रदान करेंगे। इसमें फाइनेंशियल प्लानिंग गाइडेंस, बजट सहायता और एजुकेशनल लोन वर्कशॉप शामिल हैं। इस कोलैबोरेशन का एक प्रमुख लाभ यह है कि यह छात्रों को सीमलेस डिजिटल एक्सपीरियंस देता है।

फिनटेक कंपनी की तकनीक का लाभ उठाकर, छात्र आसानी से ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, अपने आवेदन की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं और यूज़र-फ्रेंडली प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने लोन रीपेमेंट को मैनेज कर सकते हैं। यह सुविधा ट्रेडिशनल लोन प्रॉसेस की परेशानियों को समाप्त करती है और छात्रों के लिए संपूर्ण अनुभव को सुव्यवस्थित करती है। इसके अलावा, स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड रिस्पांसिबल बारोइंग (उधार लेने) को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि छात्र शैक्षिक ऋण लेने के आशय को समझें। वे उधार लेने वालों को व्यापक फाइनेंशियल काउंसिलिंग प्रदान करेंगे, उन्हें अच्छे फाइनेंशियल डिसीज़न लेने और जिम्मेदारी से अपने ऋण का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाएंगे।

**FOR MAY 22, 2024**

| | | | TARGET 1 | TARGET 2 | TARGET 3 | TARGET 4 | TARGET 5 | TARGET 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NIFTY SPOT | BUY ABOVE | 22582 | 22598 | 22615 | 22638 | 22652 | 22701 | 22754 |
| | SELL BELOW | 22476 | 22460 | 22443 | 22420 | 22406 | 22358 | 22305 |
| BANK NIFTY | BUY ABOVE | 48145 | 48175 | 48205 | 48248 | 48274 | 48362 | 48459 |
| | SELL BELOW | 47952 | 47921 | 47891 | 47849 | 47823 | 47734 | 47638 |

Data based on previous day closing

Source: VAISHALI KALA

## बालू फोर्ज इण्डस्ट्रीज ने किया तीन फोर्जिंग लाइनों का सफल अधिग्रहण

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** क्रेंकशाफ्ट और फोर्ज्ड कम्पोनेन्ट्स के निर्माण में जुटी एक प्रमुख प्रिसिजन इंजीनियरिंग कंपनी, बालू फोर्ज इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (बीएफआईएल) 72,000 टन प्रतिवर्ष हैवी फोर्ज्ड प्रोडेक्ट्स का.उत्पादन में सक्षम हैमर्स और प्रेस के संयोजन में तीन फोर्जिंग लाइनों के सफल अधिग्रहण की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। ये नई अधिग्रहीत फोर्जिंग लाइनें बेलगावी, कर्नाटक में कम्पनी के आगामी विनिर्माण परिसर में होने वाले इंजीनियरिंग विस्तार के साथ सहजता से एकीकृत होंगी, जिससे बीएफआईएल महत्वपूर्ण उद्योगों रेलवे, रक्षा, तेल और गैस, खनन, एयरोस्पेस, रक्षा, एल्यूमीनियम और विश्व स्तर पर अन्य महत्वपूर्ण सटीक उद्योग के लिए उन्नत मशीनिंग सॉल्यूशन्स के लिए एक एकीकृत वन स्टॉप समाधान प्रदाता बन जाएगा। घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, बीएफआईएल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, त्रिमान चांडोक ने कहा 'मुझे आप सभी के साथ यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने इस विस्तार को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो महत्वपूर्ण और प्रिसियन इंजीनियरिंग क्षेत्र में हमारे लिए प्रगति के लिए नए दरवाजे खोलता है।'' यह उत्कृष्ट अधिग्रहण महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उत्पाद क्षेत्र में सभी बड़ी ग्लोबल कम्पनियों के साथ समान स्तर का दर्जा प्रदान करता है और प्रिसियन, प्रोडेक्ट और मूल्य निर्धारण के मामले में वैश्विक स्तर पर उनके साथ समान रूप से प्रतिस्पर्धा करता है।

## सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड ने ईएमसी लिमिटेड का अधिग्रहण किया

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (बीएसईः 540642, एनएसईः SALASAR), एक वन-स्टॉप इंजीनियरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर सोल्यूशन प्रोवाइडर है। कंपनी रेलवे और पावर सेक्टर्स के लिए टर्नकी ईपीसी सर्विसेज़ देने में लगी हुई है और टेलीकॉम टावर्स, मोनोपोल और दूसरे हैवी स्टील स्ट्रक्चर्स की डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग में भी लगी हुई है। कंपनी ने घोषणा की कि उसने ईएमसी लिमिटेड का अधिग्रहण 'जैसा है जहां है,' 'जैसा है जो है,' 'जो कुछ भी है' और 'दायित्व रहित' के आधार पर एक चालू संस्था के रूप में निष्पादित किया है। यह अधिग्रहण लिक्विडेटर द्वारा जारी ई-ऑक्शन प्रॉसेस इन्फॉर्मेशन डॉक्यूमेंट में उल्लिखित टर्म और कंडिशंस के अनुपालन में निष्पादित किया गया है। लिक्विडेटर द्वारा सालासर के पक्ष में बिक्री पूरी होने की पुष्टि करते हुए एक सेल सर्टिफिकेट जारी किया गया है। इससे पहले, सालासर ने घोषणा की थी कि उसने ईएमसी लिमिटेड (पूर्व में जिसे इलेक्ट्रिकल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधिग्रहण के लिए 1,680 मिलियन रुपये की शेष राशि का भुगतान प्रभावी ढंग से पूरा कर लिया है। यह सालासर की बाज़ार में उपस्थिति और क्षमताओं के विस्तार की निरंतर खोज में एक महत्वपूर्ण क्षण को दर्शाता है।

**M.K. EXIM (INDIA) LIMITED**

CIN: L63040RJ1992PLC007111
Registered Office: G-1/150, Garment Zone, E.P.I.P. Sitapura, Tonk Road, Jaipur -302022, Rajasthan
Phone: 0141- 3937501, Fax: +91-141-3937502
E-mail: mkexim@gmail.com, info@mkexim.com
Web-Site: www.mkexim.com

**Notice for Board Meeting**

NOTICE is hereby given, Pursuant to regulation 29 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015 (LODR) and section 173 of the Companies Act, 2013, that a meeting of the Board of Directors of M.K. EXIM (INDIA) LIMITED is scheduled to be held on **Wednesday, 29th May, 2024** at the Registered Office of the Company, inter-alia to transact the following businesses:-
1. To consider, approve and adopt the Audited Standalone & Consolidated Financial Results of the Company for the Quarter and Financial Year ended as on 31st March, 2024 alongwith Auditor's Report issued thereon by the Statutory Auditors of the Company pursuant to Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.; and
2. Any other business with the permission of the chair.

The above can be accessed at the Company's website www.mkexim.com as well as the BSE website www.bseindia.com

For M.K. Exim (India) Limited
Sd/-
Murli Wadhumal Dialani
Chairman
(DIN: 08267828)

Place: Jaipur
Date: 21.05.2024

**TIRUPATI FINCORP LIMITED**

Tirupati Fincorp Limited

CIN: L67120RJ1982PLC002438
Regd. Office: Flat no. G2/G17, Raghuraj Enclave, Krishna Marg C-Scheme, Jaipur, Rajasthan, India, 302001
Email: tirupatifincorp31@gmail.com | Web: http://www.tirupatifincorp.in/.

**STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2024**

(₹ In Lakhs, unless otherwise stated)

| Particulars | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|
| | March 31, 2024 (Audited) | Dec 31, 2023 (Unaudited) | March 31, 2023 (Audited) | March 31, 2024 (Audited) | March 31, 2023 (Audited) |
| **Revenue** | | | | | |
| Revenue from operations | 193.56 | 89.69 | 616.79 | 467 | 1852.28 |
| Other income | 6.51 | | 1.92 | 6.15 | 1.92 |
| **Total Revenue (A)** | **200.07** | **89.69** | **618.71** | **473.51** | **1,854.20** |
| **Profit before tax (A-B)** | **8.17** | **11.26** | **(28.24)** | **46.91** | **(69.05)** |
| **Profit for the period / year** | | | | | |
| - Current tax | (0.33) | ( 0.92) | 11.63 | (15.50) | 20.64 |
| - Deferred tax | - | - | - | - | - |
| **V. Profit for the period / year** | **8.50** | **12.18** | **( 16.62)** | **3 1.40** | **(48.42)** |
| **VII. Total comprehensive income for the period \ year** | | | | | |
| **VIII. Paid up equity share capital** | 494.42 | 494.42 | 494.42 | 494.42 | 494.42 |
| **IX. Other Equity** | - | - | - | - | - |
| **X. Earnings per equity share (not annualised)** | | | | | |
| Basic EPS (₹) | 0.17 | 0.25 | (0.34) | 0 .64 | (0.98) |
| Diluted EPS (₹) | 0.17 | 0.25 | (0.34) | 0 .64 | (0.98) |

Note:
1. The above Audited Financial Results have been reviewed by the Audit Committee thereafter approved and record by Board of Directors at their meeting held on 20.05.2024.
2. As required under clause 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Statutory Auditors of the Company have carried out limited review of the above Financial Results for the quarter and year ended 31.03.2024
3. The Company has adopted Indian Accounting Standard (Ind AS) for the financial year commencing from 1st April 2019 and above results have been prepared in accordance with Ind AS as prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and read with relevant rule made thereunder .
4. The Figures for the corresponding previous periods has been regouped/ reclassified wherever necessary, to make them comparable.
5. The Company operates in two segment during the quarter namely, financing activities and Investment and Trading in securities. A separate reportable operating segments is prepared as per IND AS 108 - Operating Segments.
6. The Figures of quarter ended March 31, 2024 and March 31, 2023 are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figure upto the third quarter of the full financial year.

For Tirupati Fincorp Limited
Sd/-
Ameya Bodas
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Jaipur
Date : May 20, 2024

BR
## सम्पादकीय

# मौसम के मिजाज में बदलाव, मनुष्य सहित जीव-जगत और पर्यावरण के लिए घातक



पुनीत जैन

देश में तेज गर्मी के साथ अब हीटवेव का दौर भी लगातार जारी है। मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में आज से 4 दिन तक हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। पिछले कुछ दशकों से जलवायु में असंतुलन और बढ़ते तापमान की वजह से उपजी स्थितियों से जो हालात बन रहे हैं, उसमें मौसम के सामान्य रहने को लेकर आशंका बनी रहती है। दुनियाभर के जलवायु में हो रहे बदलाव का असर लगभग सभी मौसम में देखने को मिल रहा है, जिसमें ठंड, गर्मी या बरसात में एक विचित्र प्रकार की अनियमितता दिख रही है। इसकी मार समूचे जीव-जगत पर पड़ रही है। पिछले दिनों आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग तिहाई और विश्वभर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के अध्ययन के नतीजों में बताया भी गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है। इसमें से करीब आधी मौतें एशिया और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती हैं। अकेले भारत में हर वर्ष तीस हजार से ज्यादा लोग लू की वजह से जान गंवा बैठते हैं। दरअसल गर्मी में लू तो बरसात में बिजली गिरने की वजह से अब जितने लोगों की जान जा रही है। उसमें साफ है कि मौसम के बदलते मिजाज और उसमें बचाव के इंतजामों को लेकर एक प्रकार की उदासीनता है। जबकि भीषण गर्मी के दौरान चेतावनी प्रणाली शहरी नियोजन और हरित संरचना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम, बिगड़े मौसम के अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं,जागरूकता के साथ सामुदायिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए आम लोगों को बचाव को लेकर सजग किया जा सकता है। संसाधनों से लैस और वंचित समुदायों के बीच असमानताओं को कम करके दीर्घकालीन रणनीतियों को लागू करना भी एक जरूरी कदम होगा। अफसोस की बात है कि तापमान में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से होने वाली मौतों को प्राकृति आपदा की श्रेणी में मान लिए जाने से बचाव के उपायों को लेकर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा पाता। जरूरत इस बात की है कि जिस रफ्तार से मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है और वह मनुष्य सहित समूचे जीव-जगत और पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रहा है, उसे देखते हुए व्यापक दृष्टिकोण के साथ एक समग्र रणनीति बनाई जाए।

BR
## सूचना

**इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर है।**
-संपादक

# आचार्य महाश्रमणः अभिनव आध्यात्मिक क्रांति के प्रेरक



ललित गर्ग

भारत की भूमि पर अनेक महापुरुषों ने जन्म लेकर इस धरा का गौरव बढ़ाया, उसी आलोकधर्मी परंपरा का विस्तार है आचार्य महाश्रमण। महावीर, बुद्ध, गांधी, आचार्य भिक्षु, आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ की इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने स्वयं को ऊपर उठाया, महनीय एवं कठोर साधना की, अनुभव प्राप्त किया और अपने अनुभव वैभव के आधार पर दुनिया को शांति, अहिंसा, प्रेम, सौहार्द, अयुद्ध एवं वसुधैव कुटुम्बकम् का सन्देश दिया। अतीत की धुंधली होती आध्यात्मिक परंपरा को आचार्य महाश्रमण एक नई दृष्टि प्रदान की हैं। यह नई दृष्टि एक नए मनुष्य का, एक नए जगत का, एक नए युग का सूत्रपात कही जा सकती है। विशेषतः उनकी विनम्रता और समर्पणभाव उनकी आध्यात्मिकता को ऊंचाई प्रदत्त रह रहे हैं। भगवान राम के प्रति हनुमान की जैसी भक्ति और समर्पण रहा है, वैसा ही समर्पण आचार्य महाश्रमण का अपने गुरु आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ के प्रति रहा है। 22 मई 2024 यानी वैशाख शुक्ला चौदस को आचार्य श्री महाश्रमण की दीक्षा का स्वर्ण जयन्ती समारोह राष्ट्रव्यापी स्तर पर मनाया जा रहा है।

आचार्य महाश्रमण निरुपाधिक व्यक्तित्व का परिचायक बन गया और इस वैशिष्ट्य का राज है उनका प्रबल पुरुषार्थ, उनका समर्पण, अटल संकल्प, अखंड विश्वास और ध्येय निष्ठा। एमर्सन ने सटीक कहा है कि जब प्रकृति को कोई महान कार्य सम्पन्न कराना होता है तो वह उसको करने के लिये एक प्रतिभा का निर्माण करती है। निश्चित ही आचार्य महाश्रमण भी किसी महान् कार्य की निष्पत्ति के लिये ही बने हैं। ऐसे ही अनेकानेक महान् कार्यों उनके जीवन से जुड़े हैं, उनमें एक विशिष्ट उपक्रम बना था अहिंसा यात्रा। आचार्य महाश्रमण ने अपनी आठ वर्षीय इस ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं विलक्षण यात्रा में उन्नीस राज्यों एवं भारत सहित तीन पड़ोसी देशों की करीब सत्तर हजार किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए अहिंसा और शांति का पैगाम फैलाया। करीब एक करोड़ लोगों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। नेपाल में भूकम्प, कोरोना की विषम परिस्थितियों में इस यात्रा का नक्सलवादी एवं माओवादी क्षेत्रों में पहुंचना आचार्य महाश्रमण के दृढ़ संकल्प, मजबूत मनोबल एवं आत्मबल का परिचायक बना था। आचार्य महाश्रमण का देश के सुदूर क्षेत्रों-नेपाल एवं भूटान जैसे पडौसी राष्ट्रों सहित आसाम, बंगाल, बिहार, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि में अहिंसा यात्रा करना और उसमें अहिंसा पर विशेष जोर दिया जाना अहिंसा की स्थापना के लिये सार्थक सिद्ध हुआ है। क्योंकि आज देश एवं दुनिया हिंसा एवं युद्ध के महाप्रलय से भयभीत और आतंकित है। जातीय उन्माद, सांप्रदायिक विद्वेष और जीवन की प्राथमिक आवश्यकताओं का अभाव-ऐसे कारण हैं जो हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं और इन्हीं कारणों को नियंत्रित करने के लिए आचार्य महाश्रमण अहिंसा यात्रा के विशिष्ट अभियान के माध्यम से प्रयत्नशील बने थे।

भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क का सशक्त माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान् महावीर ने अपने जीवनकाल में अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे। लेकिन इन यात्राओं की श्रृंखला में आचार्य श्री महाश्रमण ने नये स्तस्तिक उकेरे हैं। समस्त पूर्वाचार्यों से एक विशेष कालखंड में सर्वाधिक लम्बी पदयात्रा करने के फलस्वरूप आचार्य श्री महाश्रमण को 'पांव-पांव चलने वाला सूरज' संज्ञा से अभिहित किया जाने लगा है।

आचार्य महाश्रमण का बारह वर्ष के मुनि के रूप में लाडनूं में मेरा प्रथम साक्षात्कार मेरे बचपन की एक विलक्षण और यादगार घटना रही है। लेकिन उसके साढ़े चार दशक बाद उनके गहन विचारों से मेरा परिचय और भी विलक्षण घटना है क्योंकि उनके विचारों से मेरी मन-वीणा के तार झंकृत हुए। जीवन के छोटे-छोटे मसलों पर जब वे अपनी पारदर्शी नजर की रोशनी डालते हैं तो यूं लगता है जैसे कुहासे से भरी हुई राह पर सूरज की किरणें फैल गईं। मन की बदलियां दूर हो जाती हैं और निरभ्र आकाश उदित हो गया है। आचार्य महाश्रमण का मानना है कि जिस राष्ट्र ने अपनी संस्कृति को भुला दिया, वह राष्ट्र वास्तव में एक जीवित और जागृत राष्ट्र नहीं हो सकता। उनकी दृष्टि में भारतीय संस्कृति का अर्थ है- ऊंची संस्कृति, त्याग की संस्कृति, संयम की संस्कृति और अध्यात्म की संस्कृति है। वे भारतीय संस्कृति की गरिमा से अभिभूत हैं, अतः देशवासियों को अनेक बार भारत के विराट् सांस्कृतिक मूल्यों को अवगति देते रहते हैं। बड़ी अपेक्षा यह है कि भारत अपना मूल्यांकन करना सीखे और खोई प्रतिष्ठा को पुनः अर्जित करे। इसी व्यापक एवं गहन चिंतन के आधार पर उनका विश्वास है कि सही अर्थ में अगर कोई संसार का प्रतिनिधित्व कर सकता है तो भारत ही कर सकता है, क्योंकि भारत की आत्मा में आज भी अहिंसा की प्राणप्रतिष्ठा है। मैं मानता हूं कि यदि भारत आध्यात्मिकता को विस्मृत कर देगा तो अपनी मौत मरेगा।

आचार्य श्री महाश्रमण का चिंतन है कि भारतीय संस्कृति सबसे प्राचीन ही नहीं, समृद्ध और जीवंत भी है, अतः किसी भी राष्ट्रीय समस्या का हल हमें अपने सांस्कृतिक तत्वों के द्वारा ही करना चाहिए, अन्यथा मानसिक दासता हमें अपनी संस्कृति के प्रति उतनी गौरवशील नहीं रहने देगी। भारत में सांस्कृतिक एकता बनी रही, इसका कारण बताते हुए राष्ट्रकवि दिनकर ने कहा कि "बाहर से आने वाली अन्य संस्कृतियों को भी भारतीय संस्कृति ने अपनी समन्वय शक्ति के बल पर आत्मसात् कर लिया, इसलिए उसका प्रवाह बना रहा।" उसी भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में आचार्य श्री महाश्रमण के वार्तमानिक अनुभव प्रेरणादायी, सटीक एवं मार्मिक बन पड़े हैं। भारत कर्मभूमि है, भोगभूमि नहीं। यहां जो सभ्यता विकसित हुई, वह दुनिया में किसी से पराजित नहीं होगी।

# 100 दिन की योजना 20 साल से अधरझूल में



प्रदेश की राजधानी जयपुर में 20 वर्ष पूर्व एक ऐसी योजना बनी जो सौ दिन में पूरी होनी थी, लेकिन यह योजना 'भोलाराम का जीव' जैसी कहानी बनकर रह गई। इस अवधि में न जाने कितने ही मुख्यमंत्री आए और कितने ही स्वायत्त शासन और परिवहन मंत्री बनकर चले गए। जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में यातायात सुधार करने व आए दिन जाम से लोगों को मुक्ति दिलवाने के साथ ही आवागमन को सुगम बनाने के लिए सीकर रोड पर वर्ष 2004 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने एक योजना बनाकर नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की तैयारी की थी। उस समय ट्रांसपोर्ट्स को मात्र 100 दिन में बसाने की योजना तैयार की थी। 20 साल बाद भी ट्रांसपोर्ट्स का यह सपना आज भी सपना ही बन कर रह गया। यानि दिल के अरमा आंसूओं में बह गए, वाला गाना उजागर हो गया।

राजधानी के ट्रांसपोर्ट्स खुद नए ट्रांसपोर्ट नगर में जाना चाहते हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पा रही है। अगर सरकार इस संबंध में कोई उचित नीति निर्धारण करे तो विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज एरिया में जाम की समस्या से लोगों को राहत मिल सकती है। वहीं ट्रांसपोर्ट्स का सपना भी साकार हो जाएगा और आमजन का सरकार की योजनाओं और घोषणाओं के प्रति विश्वास भी जागृत होगा। सरकार की लेटलतीफी के चलते यह योजना दो दशक से अधरझूल में है। इस योजना को पूरा करने के लिए प्रथम फेज की लॉटरी 2007 में निकाली गई। इसके बाद 2017 में द्वितीय फेज की लॉटरी निकाल कर भूखंड आवंटन की दर 13,500 रुपए निर्धारित की गई। जबकि ट्रांसपोर्ट्स चाहते हैं कि उन्हें 2007 के अनुसार वरीयता देते हुए जगह उपलब्ध करवाई जाए।

विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज क्षेत्र में वाहनों का लगातार दबाव बढ़ रहा है। इसे देखते हुए सीकर रोड पर न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्ट्स को शिफ्ट कर इस क्षेत्र के हालात सुधर सकते हैं। इसके लिए ट्रांसपोर्ट नगर योजना में मिले प्लॉटों की रेट कम करने, ट्रांसपोर्ट नगर योजना में वंचित रहे ट्रांसपोर्ट्स के लिए नई लॉटरी निकालने, ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र को नगर निगम के क्षेत्र में लेकर विकास किया जा सकता है। विकास कार्यों को गति देने के लिए तथा ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित कचरा प्लांट डिपो को जल्द से जल्द अन्यत्र स्थानांतरित कर कार्य को गति दी जानी चाहिए। वर्ष 2004 में ट्रांसपोर्ट नगर में 1,111 की रेट में जेडीए ने प्लॉट अलॉटमेंट किया था। इसको जेडीए ने बाद में बढ़ाकर 13,500 कर दिया। जबकि ट्रांसपोर्ट्स चाहते हैं कि जेडीए पुरानी रेट 1,111 में ट्रांसपोर्ट्स को प्लॉट अलॉटमेंट करे तथा वंचित रह गए ट्रांसपोर्ट्स के लिए नई लॉटरी निकालकर प्लॉट अलॉट करे। ट्रांसपोर्ट नगर बी ब्लॉक में बिजली, पानी, रोड की इतने सालों बाद भी व्यवस्था नहीं की गई है। इससे ट्रांसपोर्ट्स में रोष है। जल्द से जल्द ट्रांसपोर्ट नगर में विकास कार्य चालू हों ताकि रोड नंबर 14 सीकर रोड पर ट्रैफिक जाम समस्या से लोगों को राहत मिल सके। ट्रांसपोर्ट्स अगर अन्य स्थान पर शिफ्ट होंगे तो विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज में खड़े रहने वाले वाहनों और यहां लगने वाले जाम से लोगों को मुक्ति मिलेगी।

उमेन्द्र दाधीच
@ बिज़नेस रेमेडीज

## प्रोपर्टी

# रियल्टी सेंटीमेंट इंडेक्स एक दशक के हाई पर, मकान-ऑफिस की और बढ़ेगी मांग

**नाइट फ्रैंक-नारेडको की रिपोर्ट के अनुसार 2024 की पहली तिमाही में सेंटीमेंट इंडेक्स स्कोर बढ़कर 72 हुआ। यह पिछली तिमाही के सेंटीमेंट स्कोर 69 से भी अधिक है**



नई दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र बूम पर चल रहा है। इस क्षेत्र के कारोबार में आ रही तेजी के कारण इसका सेंटीमेंट इंडेक्स एक दशक के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। फ्यूचर सेंटीमेंट भी बढ़ा है। रियल एस्टेट के आवासीय और ऑफिस दोनों क्षेत्रों में तेजी आ रही है। अगले 6 महीने के दौरान भी ये दोनों क्षेत्र बिक्री, लॉन्चिंग और कीमत के मामले में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

सेंटीमेंट इंडेक्स स्कोर के 50 से ऊपर होना दर्शाता है कि रियल एस्टेट क्षेत्र बढ़ रहा है, जबकि इस स्कोर के 50 से नीचे होना रियल एस्टेट क्षेत्र में गिरावट को दर्शाता है। घरेलू मजबूत अर्थव्यवस्था से आगे का सेंटीमेंट इंडेक्स भी अच्छा है। इस रिपोर्ट के अनुसार पहली तिमाही में फ्यूचर सेंटीमेंट स्कोर भी बढ़कर 73 हो गया, पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 65 था। फ्यूचर सेंटीमेंट स्कोर बढ़ने से आने वाले महीनों में भी रियल एस्टेट तेजी से बढ़ सकता है।

नाइट फ्रैंक और नारेडको की इस रिपोर्ट के अनुसार रियल एस्टेट के आवासीय क्षेत्र का आउटलुक काफी मजबूत माना जा रहा है। जनवरी-मार्च तिमाही में किए गए सर्वे में 73 फीसदी लोगों ने कहा कि अगले 6 महीने में आवासीय क्षेत्र में बिक्री बढ़ने की संभावना है, जबकि इससे पहले की तिमाही में 65 फीसदी लोगों ने ही माना था कि मकानों की बिक्री बढ़ सकती है। घर खरीदारों की ओर से सकारात्मक सेंटीमेंट और ब्याज दरों में स्थिरता के कारण आगामी 6 महीने में आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग बढ़ने की उम्मीद है।

नाइट फ्रैंक-नारेडको द्वारा किए गए सर्वे में अधिकांश लोगों का मानना है कि अगले 6 महीने में नये मकानों की लॉन्चिंग व इनके दाम बढ़ सकते हैं। इस सर्वे के अनुसार 80 फीसदी लोगों का मानना है कि अगले 6 महीने में आवासीय क्षेत्र में लॉन्चिंग में इजाफा होगा। इसके साथ ही 82 फीसदी लोगों को मानना है कि आने वाले 6 महीने में मकानों के दाम बढ़ सकते हैं। पिछले साल की चौथी तिमाही में भी 65 फीसदी लोगों ने माना था कि अगले 6 महीने में मकान महंगे हो सकते हैं।

नाइट फ्रैंक-नारेडको ने जनवरी-मार्च के बीच किए अपने सर्वे में बताया कि74 फीसदी लोगों का मानना है कि अगले 6 महीने में ऑफिस लीज की मांग में इजाफा हो सकता है। इससे पहले की तिमाही में 69 फीसदी लोगों ने ऐसा माना था। इसके साथ ही 58 प्रतिशत लोगों ने माना कि ऑफिस स्पेस की आपूर्ति अगले 6 महीने में बढ़ेगी। इस बीच, 2024 की जनवरी-मार्च अवधि में किए गए सर्वे में 65 फीसदी लोगों ने माना कि ऑफिस के किराए में आने वाले 6 महीने में बढ़ोतरी हो सकती है। पिछले साल की अंतिम तिमाही में 53 फीसदी लोगों ने माना था कि ऑफिस के किराये में वृद्धि होगी। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंधक निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि करंट सेंटीमेंट इंडेक्स स्कोर का बढ़ना दर्शाता है कि भारत आर्थिक रूप से मजबूत स्थिति में है। चौथी तिमाही में 8.4 फीसदी की दर से अर्थव्यवस्था बढ़ी है। इससे रियल एस्टेट क्षेत्र की मांग को सहारा मिल रहा है और यह क्षेत्र लोगों को निवेश के उचित अवसर उपलब्ध करा रहा है। नारेडको के अध्यक्ष हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट का सेंटीमेंट इंडेक्स एक दशक के उच्च स्तर पर पहुंचना रियल एस्टेट के आवासीय और ऑफिस क्षेत्र में नई लॉन्चिंग, बिक्री और कीमतों के मामले में उल्लेखनीय रुझानों को रेखांकित करता है।


## बिजनेस रेमेडीज में विज्ञापन एवं खबरों हेतु संपर्क करें



| जिला | प्रतिनिधि | फोन |
|---|---|---|
| भीलवाड़ा | सुनील कुमार जैन | 9251465499 |
| जोधपुर | सुरेन्द्र जोशी | 9983490645 |
| उदयपुर | दिनेश गोठवाल | 9829297360 |
| बालोतरा | हितेश वैष्णव | 9982355640 |
| पाली | के.के. सिंघल | 9079812324 |
| बीकानेर | जेठमल छाजेड | 8739999599 |
| श्रीगंगानगर | प्रदीप थरेजा | 9414094108 |
| अलवर | रामकिशन | 9414261485 |
| किशनगढ़ | मूलचंद सोलंकी | 9269509473 |
| मेडता सिटी | निलेश जैन | 9829897681 |
| अलवर | मोहित अग्रवाल | 9414261485 |
| सीकर | अनिल कुमार सोनी | 9530165963 |
| केकड़ी | किशन सागर | 9928707194 |
| कोटा | वीरेन्द्र कुमार जैन | 9828158317 |

बिजनेस रेमेडीज
पताः- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020
फोनः- 0141- 2785686, 9929106227

## सदस्यता कूपन



(केवल डाक या ई-मेल से प्राप्त करने के लिए)

| अवधि | अंक | सदस्यता शुल्क |
|---|---|---|
| 1 वर्ष | 358 | 1050 |

E-mail
remediesbusiness@gmail.com

नामः ............................................
पताः ............................................
............................पिनकोड..................
फोनः.................... मो. ....................
ड्राफ्ट/चैक का विवरणः ..............................
ई-मेलः ............................................

बिजनेस रेमेडीज प्राप्त करने के लिए सदस्यता शुल्क बैंक अकाउंट में जमा कराये या सदस्यता फार्म भरकर चैक/डीडी के साथ कार्यालय पर भिजवायें।
Bank Account:- Business Remedies
A/c No. 61233949765 Bank Name: SBI

पताः- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020
फोनः- 9166611333, 9929106227

#साधारण डाक द्वारा बिजनेस रेमेडीज की डिलीवरी में अनियमितता होने पर बिजनेस रेमेडीज प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

**कोरियर सुविधा**

कोरियर के द्वारा बिजनेस रेमेडीज मंगवाने पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

**जयपुर एवं राजस्थान के अन्य शहरों में बिजनेस रेमेडीज अपने हॉकर से मांगे या सम्पर्क करें**

जयपुर सिटी

| क्रम. | सेन्टर | नाम | फोन |
|---|---|---|---|
| 1 | शास्त्री नगर | गोपाल शर्मा | 9414788145 |
| 2 | वी.के.आई | महेश शर्मा | 9782744428 |
| 3 | झोटवाड़ा | प्रदीप शर्मा | 9929795261 |
| 4 | सरना डूंगर | सुरेन्द्र सिंह तोमर | 8562829290 |
| 5 | लिंक रोड | सुभाष शर्मा | 9950761723 |
| 6 | लिंक रोड | मनोज अग्रवाल | 9784254349 |
| 7 | केसरगढ़ | श्यामबाबू शर्मा | 9782930413 |
| 8 | सोडाला | श्यामसुंदर अग्रवाल | 9252020497 |
| 9 | टैगोर नगर | उम्मेद सिंह चौहान | 9829926088 |
| 10 | मानसरोवर | मुकेश बिहारी शर्मा | 9828247895 |
| 11 | गोपालपुरा मोड़ | विजयशंकर अग्रवाल | 9214538212 |
| 12 | मालवीय नगर | वाहिद खान | 9929294516 |
| 13 | सांगानेर | सीताराम चौधरी | 8058116502 |
| 14 | जगतपुरा | प्रदीप सिंह चौहान | 9214021525 |
| 15 | जैतपुरा | जितेन्द्र सैन | 9828599264 |
| 16 | कालाडेरा | शंकरलाल जी | 9828599263 |
| 17 | बगरू | नवरत्न चौधरी | 9928877107 |

राजस्थान

| क्रम. | सेन्टर | नाम | फोन |
|---|---|---|---|
| 1 | जोधपुर | सुरेन्द्र जोशी | 9983490645 |
| 2 | उदयपुर | मांगीलाल पुरोहित | 9024311494 |
| 3 | फतहनगर | लोकचंद बंजारा | 9414620694 |
| 4 | बालोतरा | हितेश वैष्णव | 9982355640 |
| 5 | पाली | महेन्द्र प्रकाश गोयल | 7742427942 |
| 6 | बीकानेर | जेठमल छाजेड़ | 8739999599 |
| 7 | श्रीगंगानगर | प्रदीप थरेजा | 9414094108 |
| 8 | श्रीगंगानगर | सुशील जी (इंण्डस्ट्रीयल एरिया) | 9352707195 |
| 9 | अलवर | रामकिशन जी | 9414261485 |
| 10 | किशनगढ़ | मूलचंद सोलंकी | 9269509473 |
| 11 | सोजत सिटी | सुरेश माली | 9461715177 |
| 12 | मेडता सिटी | निलेश जैन | 9829897681 |
| 13 | फालना | सुशील गोयल | 9829724754 |
| 14 | कोटा | सुरेन्द्र जैन | 9950674346 |
| 15 | अजमेर | सुरेशचंद शर्मा | 9571611211 |
| 16 | केकड़ी | किशन सागर | 9928707194 |
| 17 | सीकर | राजेश प्रधान | 9351135431 |
| 18 | राजसमंद | सुनील जी | 9214604062 |
| 19 | भीलवाड़ा | सुनील कुमार जैन | 9251465499 |
| 20 | सुमेरपुर | श्री महादेव न्यूज एजेंसी | 9928608845 |
| 21 | अलवर | घनश्याम दास हरिराम | 9414261485 |
| 22 | बांसवाड़ा | गॉधी पेपर एजेंसी | 9414101840 |

# गोदरेज कैपिटल ने महाराष्ट्र में डेयरी फार्म ऋण के क्षेत्र में कदम रखे; क्रीमलाइन डेयरी प्रोडक्ट्स लिमिटेड और द्वार ई-डेयरी के साथ साझेदारी

## आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु में किसानों को सहायता देने की योजना।

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह की वित्तीय सेवा शाखा गोदरेज कैपिटल ने डेयरी फार्म ऋण को लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने कृषि क्षेत्र में अपने प्रवेश की घोषणा की है। क्रीमलाइन डेयरी प्रोडक्ट्स लिमिटेड और द्वार ई-डेयरी के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी के माध्यम से, गोदरेज कैपिटल लिमिटेड महाराष्ट्र और अन्य क्षेत्रों में छोटे डेयरी फार्म मालिकों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। क्रीमलाइन डेयरी प्रोडक्ट्स लिमिटेड गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (जीएवीएल) की सहायक कंपनी है, जो गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह का एक विविध खाद्य और कृषि-व्यवसाय समूह है, और गोदरेज जर्सी ब्रांड नाम के तहत अपने प्रोडक्ट्स का विक्रय करती है।

चूँकि भारत में डेयरी उत्पादों की खपत लगातार बढ़ रही है, ऐसे में यह स्थिति डेयरी किसानों के लिए अवसर और चुनौतियाँ दोनों साथ लेकर आती है। गोदरेज कैपिटल उत्पादकता में सुधार और क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि लाने के लिए इन किसानों को वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें सशक्त बनाने के महत्व को स्वीकार करता है। इस पहल के लिए, गोदरेज कैपिटल ने किसानों तक पहुंच की सुविधा के लिए अपने भागीदार के रूप में द्वार ई-डेयरी के साथ सहयोग किया है। डेयरी फार्म ऋण के साथ, गोदरेज कैपिटल की ओर से गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के पैनल में शामिल किसानों को मवेशियों की खरीद और रखरखाव के लिए कोलेटरल फ्री लोन प्रदान किया जाएगा। डेयरी फार्म मालिकों को पूरी तरह से डिजिटल प्रक्रिया, त्वरित मंजूरी और वितरण के साथ दो साल तक के पुनर्भुगतान विकल्प की सुविधा मिलेगी। इस तरह उनके लिए वित्तीय सुविधाओं तक पहुंचना पहले के मुकाबले और आसान हो जाएगा।



गोदरेज कैपिटल के एमडी और सीईओ मनीष शाह ने कहा, कि अपने देश के किसानों के प्रति अपना समर्थन जाहिर करने और उनके साथ कदम मिलाकर खड़ा होने में हमें खुशी का अनुभव हो रहा है। डेयरी फार्मिंग समुदाय के लिए वित्तीय सहायता को आसान बनाने, पूरी वैल्यू चैन में समावेशिता को बढ़ावा देने और इस पूरे ईको सिस्टम को सपोर्ट करने के लिए इस उद्यम को शुरू करने का निर्णय किया गया है। कृष्णागिरी जिले में पहले ऋण का वितरण करना सिर्फ एक शुरुआती कदम है। हम सक्रिय रूप से तमिलनाडु के अन्य क्षेत्रों में भी डेयरी उद्योग को शामिल करना चाहते हैं और आंध्र प्रदेश में किसानों को अपना समर्थन देना चाहते हैं। तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र के साथ हमारा लक्ष्य डेयरी फार्मिंग क्षेत्र की वृद्धि और विकास में योगदान करना है।''

अपनी सीमाओं के बावजूद, डेयरी क्षेत्र भारत की कृषि अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बना हुआ है, जो 80 मिलियन किसानों की आजीविका को संभव बनाता है। पोषण स्वस्थ डेयरी का सबसे महत्वपूर्ण और सबसे बड़ा पहलू है और दूध की कुल लागत का 70 प्रतिशत हिस्सा इसी पर खर्च होता है। इससे ही मवेशियों की दूध उत्पादकता पर असर पड़ता है और इसी के आधार पर किसानों का उत्थान हो रहा है। हमारे किसानों को निरंतर दूध हासिल करने के लिए अपने मवेशियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिहाज से संसाधन उपलब्ध कराने पर समान ध्यान देने की आवश्यकता है।

गोदरेज जर्सी के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर भूपेन्द्र सूरी ने कहा कि मवेशियों का बेहतर स्वास्थ्य ही दरअसल मवेशियों की बेहतर भलाई सुनिश्चित करता है और किसानों को बेहतर पैदावार प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है, जिससे उनकी लाभप्रदता बढ़ती है। इसलिए, डेयरी किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण फीड तक पहुंच होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस तरह गोदरेज कैपिटल और द्वार ई-डेयरी के बीच यह साझेदारी, उन्हें अपने फीड के साथ-साथ अन्य कृषि आवश्यकताओं के लिए वित्तीय सुविधाओं तक आसान पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाएगी। इस प्लेटफॉर्म का लाभ उठाकर, हमारे किसान मवेशियों की संख्या बड़ा सकते हैं और पहले से बेहतर उत्पादकता और बेहतर समृद्धि के लिए प्रयास कर सकते हैं।

द्वार ई-डेयरी के फाउंडर, एमडी और सीईओ रवि के.ए. ने कहा कि हम गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह की कंपनियों के साथ साझेदारी करके खुश और गौरवान्वित हैं। यह तालमेल हितधारकों के लिए महत्वपूर्ण मूल्य लेकर आएगा, जिससे हजारों डेयरी किसानों को पूंजी और पशु ऋण के लिए एक अभिनव प्लेटफॉर्म के जरिये गोदरेज से किफायती दरों पर फाइनेंस हासिल करने में मदद मिलती है। इस व्यवस्था के जरिये डेयरी किसानों के घरों तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच संभव हो जाएगी। इसकी सहायता से डेयरी किसानों को दूध की पैदावार बढ़ाने, अपनी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सोच-समझकर वित्तीय निर्णय लेने में आसानी होगी।''

गोदरेज कैपिटल इस ईको सिस्टम के विकास और वंचित बाजार तक वित्तीय पहुंच प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके साथ ही गोदरेज कैपिटल एमएसएमई ऋण के लिए महाराष्ट्र में 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर कब्जा करने की योजना बना रहा है। पिछले वर्ष से अपनी गति को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी ने कोल्हापुर और ठाणे में नई शाखाएँ स्थापित करके राज्य में अपने कामकाज का विस्तार किया। यह रणनीतिक विस्तार स्थानीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करने और क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए गोदरेज कैपिटल की जिम्मेदारी को प्रदर्शित करता है।

# सर्वोच्च स्तर छूने के बाद सोना व चांदी के दामों में गिरावट

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**



सोने चांदी के वायदा भाव में सर्वोच्च स्तर छूने के बाद मंगलवार को नरमी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 73,800 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 93,550 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने चांदी के वायदा भाव में सुस्ती देखने को मिल रही है।

**सोना हुआ सस्ता :** सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट 577 रुपये की गिरावट के साथ 73,790 रुपये के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 535 रुपये की गिरावट के साथ 73,832 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 73,922 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 73,701 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने सोमवार को 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

**चांदी के वायदा भाव फिसले :** चांदी के वायदा भाव की शुरूआत भी आज सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट आज 1,506 रुपये की गिरावट के साथ 93,761 रुपये पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 1,870 रुपये की गिरावट के साथ 93,397 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 93,780 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 92,798 रुपये के भाव पर दिन निचला स्तर छू लिया। सोमवार को चांदी के वायदा भाव ने 95, 480 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना व चांदी नरम :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। Comex पर सोना 2,431.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,438.50 डॉलर प्रति औंस था। यह 20.90 डॉलर की गिरावट के साथ 2,417.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। Comex पर चांदी के वायदा भाव 32.05 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 32.42 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.08 डॉलर की गिरावट के साथ 31.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# जेएसडब्ल्यू सीमेंट राजस्थान में नई इंटीग्रेटेड सीमेंट फेसिलिटी स्थापित करने के लिए 3,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

24.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर वाले जेएसडब्ल्यू समूह की कंपनी जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने राजस्थान के नागौर जिले में एक ग्रीनफील्ड, इंटीग्रेटेड सीमेंट विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। सीमेंट फैक्ट्री का निर्माण शुरू करने के लिए हाल ही में भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया।

जेएसडब्ल्यू सीमेंट की ओर से नई सीमेंट सुविधा में किए जाने वाले निवेश में 3.30 एमटीपीए तक की क्लिंकराइजेशन यूनिट और 2.50 एमटीपीए तक की ग्राइंडिंग यूनिट के साथ-साथ 18 मेगावाट वेस्ट हीट रिकवरी बेस्ड बिजली संयंत्र भी शामिल है। खदान से विनिर्माण संयंत्र तक चूना पत्थर पहुंचाने के लिए 7 किमी लंबा ओवरलैंड बेल्ट कन्वेयर और भट्ठी में वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करने की व्यवस्था भी इस निवेश का हिस्सा है। प्रस्तावित निवेश के लिए यह राशि इक्विटी और दीर्घकालिक ऋण के माध्यम से जुटाई जाएगी। जेएसडब्ल्यू सीमेंट को पहले ही कुछ नियामक और वैधानिक मंजूरी मिल चुकी है और वह अन्य जरूरी मंजूरियां हासिल करने की राह पर है। एक बार चालू होने के बाद, यह इकाई उत्तर भारत के महत्वपूर्ण सीमेंट बाजार में जेएसडब्ल्यू सीमेंट के प्रवेश का प्रतीक होगी।

जेएसडब्ल्यू सीमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर पार्थ जिंदल के अनुसार, यह निवेश हमारे सीमेंट व्यवसाय के माध्यम से राजस्थान में किए जा रहे सबसे महत्वपूर्ण निवेशों में से एक है। हम इस क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ-साथ राज्य के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए राजस्थान सरकार के साथ काम करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। नागौर में हमारी एकीकृत सीमेंट सुविधा स्थापित करने के लिए प्रस्तावित निवेश जेएसडब्ल्यू सीमेंट को अगले कुछ वर्षों के भीतर पूरे भारत में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ाता है। इस क्षेत्र में नई क्षमता हमें उत्तरी राज्यों राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और एनसीआर क्षेत्र में अपने ग्राहकों की प्रचुर जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनाएगी। जेएसडब्ल्यू सीमेंट के सीईओ नीलेश नार्वेकर ने कहा, कि यह निवेश उत्तर भारत के तेजी से बढ़ते और आकर्षक सीमेंट बाजारों में हमारे प्रवेश का प्रतीक होगा। इन राज्यों में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सबसे अधिक है और यहां इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में और मकान निर्माण की दिशा में विकास देखा जा रहा है।

# सरकार ने मसाला कंपनियों को सुधार की हिदायत दी

## मामले की जांच के लिए भारतीय मसाला बोर्ड ने एमडीएच और एवरेस्ट के सभी मसालों के नमूनों का परीक्षण शुरू किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों पर विदेश में विवाद उठने के कुछ हफ्तों बाद सरकार ने दोनों कंपनियों को पत्र लिखकर सुधार के उपाय करने की हिदायत दी है।

सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग में इन कंपनियों के मसालों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड (ETO) की मात्रा स्वीकार्य सीमा से अधिक बताई गई थी और उन्हें वापस भेज दिया गया था। दो सरकारी अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच करने के लिए भारतीय मसाला बोर्ड ने दोनों कंपनियों के सभी मसालों के नमूनों का परीक्षण शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि दोनों कंपनियों के कारखानों का मुआयना भी किया जा रहा है ताकि पक्का हो जाए कि मसालों का उत्पादन एवं निर्यात निर्धारित मानकों के अनुरूप हो रहा है। कंपनियों से यह भी पूछा गया है



कि मसाले वापस क्यों मंगाने पड़े। इस बारे में जानकारी के लिए एमडीएच और एवरेस्ट स्पाइसेज को ई-मेल भेजे गए, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया।

मुआयने में देखा जा रहा है कि कंपनी ने एथिलीन ऑक्साइड के अवशेष की अधिकतम सीमा का पालन किया या नहीं। यह भी देखा जा रहा है कि निर्यात वाले मसालों का भंडारण, ढुलाई और परीक्षण किस तरह किया जा रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि हमने दोनों कंपनियों के नमूने जांच लिए हैं। हम कंपनियों के साथ काम कर रहे हैं और उन्हें सुधार के कदम उठाने को कहा है। हमने जांच के लिए नमूने लेने के साथ ही कंपनियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए हैं। साथ ही हम उनके साथ मिलकर सभी नियमों का पालन सुनिश्चित कर रहे हैं।'

**ईटीओ के लिए अलग-अलग देशों में अलग मानदंड :** एथिलीन ऑक्साइड का उपयोग खाद्य उद्योग में अक्सर बैक्टीरिया, खमीर एवं फफूंद को कम करने के लिए किया जाता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में इसकी मात्रा की स्वीकार्य सीमा हर देश में अलग-अलग है। उदाहरण के लिए यूरोपीय संघ में 1 किलोग्राम खाद्य पदार्थ में अधिकतम 0.02 से 0.1 मिलीग्राम एथिलीन ऑक्साइड रह सकता है। मगर अमेरिका और कनाडा में यह सीमा 7 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम है।

हॉन्ग कॉन्ग में खाद्य पदार्थों में एथिलीन ऑक्साइड का इस्तेमाल प्रतिबंधित है मगर भारत में इसके लिए कोई खास सीमा तय नहीं की गई है। पता चला है कि ये मसाले उन देशों के लिए थे, जहां एथिलीन ऑक्साइड का उपयोग स्वीकार्य है। मगर गलती से वह खेप हॉन्ग कॉन्ग भेज दी गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि खाद्य वस्तुओं में एथिलीन ऑक्साइड के इस्तेमाल के मामले में कंपनियों के साथ तीन दौर की बातचीत हो चुकी है।

**ग्लोबल मसाला एक्सपोर्ट में भारत की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी :** अधिकारी ने कहा, कि भोजन में ईटीओ अवशेषों और 2-सीई की उपस्थिति का असर कोई सुलझा हुआ मुद्दा नहीं है। अधिकारी ने कहा कि भारतीय भोजन वैश्विक मानदंडों के अनुरूप है और हमारी अस्वीकृति दर बहुत कम है। भारतीय खाद्य खेपों पर अलर्ट में भारी गिरावट आई है और उस दिशा में बहुत काम किया गया है।÷ वित्त वर्ष 2023-24 में, भारत का मसाला निर्यात 2022-23 के 3.7 अरब के मुकाबले कुल 4.25 अरब डॉलर का रहा था। ग्लोबल मसाला एक्सपोर्ट में भारत की हिस्सेदारी 12 फीसदी है। भारत से निर्यात किए जाने वाले प्रमुख मसालों में मिर्च पाउडर शामिल है, जो 1.3 अरब डॉलर के एक्सपोर्ट के साथ लिस्ट में सबसे ऊपर स्थान पर है।

# फिक्की एफएलओ ने पूर्वोत्तर भारत में महिला उद्यमियों को सशक्त करने के लिए सिलीगुड़ी चैप्टर लांच किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

भारत के शीर्ष कारोबारी चैंबर फिक्की की महिला शाखा फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में अपना 20वां चैप्टर लांच किया।

सिलीगुड़ी चैप्टर की लांचिंग से पूरे भारत में महिला उद्यमियों और पेशेवरों को सशक्त करने के एफएलओ के मिशन को मजबूती मिलेगी और पूर्वोत्तर क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि एवं विकास को गति मिलेगी। एफएलओ ने पूर्वोत्तर भारत के एक द्वार के तौर पर सिलीगुड़ी के रणनीतिक स्थान और इसकी तेज आर्थिक वृद्धि की वजह से इसे चुना है। सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में एफएलओ का दूसरा चैप्टर है। इस शहर का गतिशील कारोबारी वातावरण और यहां की महिला उद्यमियों की ओर से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने इसे विस्तार के लिए एक स्वभाविक पसंद बनाया।

सिलीगुड़ी में कोर्टयार्ड मैरियट में एक लांचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राज्यसभा सांसद और तृणमूल





कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुष्मिता देव मुख्य अतिथि रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में सिलीगुड़ी नगर निगम की आयुक्त शेरिंग वाई भूटिया और अंतरराष्ट्रीय साड़ी ड्रेप आर्टिस्ट डॉली जैन शामिल रहीं। अन्य प्रमुख हस्तियों में एफएलओ की राष्ट्रीय अध्यक्ष जॉयश्री दास वर्मा, एफएलओ सिलीगुड़ी की नामित चेयरपर्सन निहारिका मित्रुका और एफएलओ की पूर्व अध्यक्ष विनिता बिमभेट, जयंती डालमिया और एफएलओ के राष्ट्रीय संचालन निकाय के अन्य सदस्य शामिल रहे।

सुष्मिता देव ने कहा, कि महिलाओं का सशक्तिकरण संख्या से परे है। बिना अधिकार और निर्णय क्षमताओं के उनकी भूमिका महज सजावटी रहती है। सही मायने में समानता का अर्थ है समान अधिकारों तक पहुंच। नेटवर्किंग इस सशक्तिकरण प्रक्रिया में एक अहम भूमिका निभाती है। फिक्की और एफएलओ जैसे संगठन इन महत्वपूर्ण नेटवर्कों के निर्माण और सुगम बनाने में महत्वपूर्ण हैं जो जुड़ने, गठबंधन करने और एक दूसरे के विकास में सहयोग के लिए मंच उपलब्ध कराते हैं।

सिलीगुड़ी नगर निगम की आयुक्त शेरिंग वाई भूटिया ने कहा कि श्रम बाजार और नौकरी के बाजार का उद्भव इस प्रकार से होना चाहिए जिससे समावेशी एवं विविध अवसर विशेषकर महिलाओं के लिए पैदा हों। घर और कार्यस्थल पर महिलाओं की भूमिका के बीच एक संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है और इसके लिए काम और जीवन में तालमेल पर ध्यान देना आवश्यक है। अंतरराष्ट्रीय साड़ी ड्रेप आर्टिस्ट डॉली जैन महज 18.5 सेकेंड में एक साड़ी ड्रेप कर सकती हैं और उन्होंने 125 अलग अलग तरीकों से एक साड़ी को ड्रेप करने के लिए लिमका बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया है। बाद में उन्होंने अन्य रिकॉर्ड्स के लिए यह संख्या बढ़ाकर 325 की। एक गृहणी से लेकर एक सेलेब्रिटी ड्रेप आर्टिस्ट और इस उद्योग में एक प्रख्यात नाम होने की अपने प्रेरणादायी दास्तां सुनाते हुए उन्होंने कहा कि लीक से हटकर सोचना महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है और ऐसी कोई चीज़ नहीं जो उन्हें आगे बढ़ने से रोक सके। इसकी एक ही कुंजी है और वह है जुनून, दृढ़ता और कठिन मेहनत। इन खूबियों के साथ महिलाएं क्या कुछ हासिल कर सकती हैं, इसकी कोई सीमा नहीं और वह जीवन के हर क्षेत्र में अपनी खास पहचान बना सकती हैं। महिला उद्यमियों को सहयोग करने की इस संगठन की प्रतिबद्धता रेखांकित करते हुए फिक्की एफएलओ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री जॉयश्री दास वर्मा ने कहा, ÷फिक्की एफएलओ का सिलीगुड़ी में विस्तार, टियर-2 और टियर-3 शहरों समेत पूरे भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एफएलओ महिलाओं को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और नेटवर्किंग अवसर उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है जिससे उन्हें अपनी उद्यमशीलता की यात्रा में सफल होने में मदद मिल सके। सिलीगुड़ी अपनी समृद्ध उद्यमी भावना के साथ महिलाओं के लिए उत्कृष्टता हासिल करने और उस क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान करने के लिए जबरदस्त संभावनाएं प्रस्तुत करता है। हमें भरोसा है कि यह सिलीगुड़ी चैप्टर ना केवल सिलीगुड़ी, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में आर्थिक सशक्तिकरण एवं लिंग समानता के लिए एक उत्प्रेरक के तौर पर काम करेगा। उन्होंने आगे कहा, कि एफएलओ आकांक्षी महिला उद्यमियों और संभावित कारोबारी नेताओं के लिए समर्पित है।

# गोदरेज लॉक्स को 'सात' असाधारण उत्पादों के लिए 'इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड 2023' से सम्मानित किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

'गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स', गोदरेज एंड बॉयस की एक व्यावसायिक इकाई, नवीन सुरक्षा समाधानों में एक अग्रणी नाम है। कंपनी को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसके सात उत्पादों को प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि डिजाइन, कार्यक्षमता और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स के बिजनेस हेड, श्याम मोटवानी ने कहा कि गोदरेज लॉक्स में, हम असाधारण डिजाइन की परिवर्तनकारी शक्ति ( ट्रांसफॉर्मेटिव पावर) में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। यह सिर्फ कलात्मकता के बारे में नहीं है; यह इस बारे में है कि डिज़ाइन कैसे लोगों के रोजमर्रा जीवन के अनुभवों को बढ़ाता है और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। नवाचार के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता हमारे हर काम में अंतर्निहित है, जो हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों की गहरी समझ से प्रेरित है। गोदरेज लॉक्स में हमारी अत्याधुनिक इनहाउस डिज़ाइन लैब द्वारा डिज़ाइन पर मजबूती से ध्यान दिया जाता है। यह प्रयोगशाला रचनात्मकता और मौलिकता के केंद्र के रूप में कार्य करती है, कुशल डिजाइनरों के बीच ऐसे उत्पादों को तैयार करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देती है, जो कलात्मक अपील के साथ कार्यक्षमता को सहजता से मिश्रित करते हैं। साल-दर-साल प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड जीतना उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति हमारे अटूट समर्पण का ही प्रमाण है। यह मान्यता हमें सीमाओं को और भी आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है, क्योंकि हम ऐसे उत्पाद बनाना जारी रखते हैं, जो अपेक्षाओं से परे हों और हमारे ग्राहकों के जीवन में सार्थक बदलाव लाने में सक्षम होते हैं। इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड गोदरेज लॉक्स की अपनी उत्पाद श्रृंखला में बेहतर डिज़ाइन और गुणवत्ता की निरंतर खोज का एक प्रमाण है। हमारे मान्यता प्राप्त उत्पादों में शामिल हैं- मुख्य दरवाज़ा लॉक सेंटूर, मोर्टिज़ हैंडल एनईएच 19 और एनईएच 20 और सुपर कॉर्नर सॉल्यूशन, सुपर स्विंग कॉर्नर, सुपर स्लाइड आउट पेंट्री और परफेक्ट ग्रेन स्टोरेज जैसी नवीन किचन फिटिंग्स। इनमें से प्रत्येक उत्पाद ऐसे समाधान प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जो न केवल ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, बल्कि उनसे भी बेहतर होते हैं। प्रयोज्यता, स्थायित्व और कलात्मकता पर ध्यान देने के साथ, कंपनी ने लगातार उद्योग में अपने स्तर को बढ़ाया है।

# सऊदी अरब परमाणु हथियार बनाने रोके, मिलेगी नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी : जेक सुलिवन

**बिज़नेस रेमेडीज/ इंटरनेशनल डेस्क/एजेंसी**

अमेरिका ने सऊदी अरब के प्रिंस से परमाणु हथियार न बनाने की अपील की है। अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (NSA) जेक सुलिवन ने गत दिवस सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात दौरान दोनों देशों के बीच सिक्योरिटी अकॉर्ड और सिविल न्यूक्लियर एग्रीमेंट पर चर्चा की। रिपोर्ट के मुताबिक बैठक के दौरान समझौतों के तहत अमेरिका ने सऊदी अरब को सुरक्षा और परमाणु सहायता देने का भरोसा दिलाया। रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी के साथ न्यूक्लियर और सिक्योरिटी डील करके अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है।




अमेरिकी NSA ने सऊदी प्रिंस से कहा कि अगर वे परमाणु हथियार बनाने रोक देगा तो वह उसे नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी देने का वादा करते हैं। बता दें कि पिछले साल इजराइल और सऊदी अरब के बीच डिप्लोमैटिक रिश्ते शुरू करवाने के लिए अमेरिका बैकडोर बातचीत कर रहा था। इस दौरान उसने इजराइल को मान्यता देने के बदले सऊदी को नाटो लेवल की सिक्योरिटी देने की पेशकश की थी। मई की शुरुआत में एक रिपोर्ट सामने आई थी, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका और सऊदी अरब सिक्योरिटी और परमाणु सहायता वाले एग्रीमेंट साइन करने के बेहद करीब हैं। यूएस एटॉमिक एनर्जी एक्ट 1954 के तहत अमेरिका कुछ शर्तों पर दूसरे देशों को परमाणु सहायता दे सकता है। इसके लिए इन देशों को 9 शर्तों को पूरा करना होगा। इनमें परमाणु हथियार बनाने के लिए न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल न करने और किसी दूसरे देशों को खुफिया जानकारी साझा न करने की बात कही गई है। सऊदी दुनिया का सबसे बड़ा तेल निर्यात करने वाला देश है। हालांकि, सऊदी क्राउन प्रिंस देश की अर्थव्यवस्था की तेल पर निर्भरता को कम करना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने विजन 2030 प्लान भी बनाया है। इस प्लान के लिए सऊदी रिन्यूएबल एनर्जी जनरेट करते हुए उत्सर्जन को कम करना चाहता है।

# 'क्वाड ने स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की'

**बिज़नेस रेमेडीज/ इंटरनेशनल डेस्क/एजेंसी**

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान ने स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की है। ब्लिंकन ने कहा कि क्वाड ने क्षेत्र में इंटरनेट कनेक्टिविटी में सुधार किया है। साइबर हमलों को रोकने में मदद की है।

ब्लिंकन ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते कहा कि क्वाड लीडर्स समिट के बाद से, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान ने स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक को आगे बढ़ाने



के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की है। क्वाड ने क्षेत्र में इंटरनेट कनेक्टिविटी में सुधार किया है, साइबर हमलों को रोकने में मदद की है और एसटीईएम नेताओं की अगली पीढ़ी में निवेश किया है। मई की शुरुआत में, भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओएएम ने इस बात पर जोर दिया कि 'क्वाड' सदस्यता बढ़ाने की कोई योजना नहीं है, उन्होंने कहा कि देशों के लिए चीन के साथ अपने संबंध बनाना बहुत महत्वपूर्ण है।

# आईएसआईएस की गतिविधियों पर श्रीलंका ने नए सिरे से जांच शुरू की

**बिज़नेस रेमेडीज/ कोलंबो, (आईएएनएस)।**

अहमदाबाद हवाई अड्डे से श्रीलंका निवासी आईएसआईएस के चार संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद श्रीलंकाई खुफिया एजेंसियों ने देश में आईएसआईएस की गतिविधियों की नए सिरे से जांच शुरू की है।

सूत्रों ने बताया कि श्रीलंका की स्टेट इंटेलिजेंस ने अहमदाबाद में गिरफ्तार संदिग्धों की पृष्ठभूमि और आईएसआईएस से उनके कथित संबंधों का पता लगाने के लिए अपने भारतीय समकक्षों से जानकारी मांगी है। खबरों के मुताबिक, कुछ दिन पहले चारों संदिग्ध - मोहम्मद नुसरत, मोहम्मद फरीश, मोहम्मद नफरान और मोहम्मद रशदीन कोलंबो से चेन्नई के लिए रवाना हुए थे। वहां से, वे अहमदाबाद गए, जहां उन्हें सोमवार को गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने गिरफ्तार कर लिया। खबरों में कहा गया है कि संदिग्धों को उनके पाकिस्तानी हैंडलर ने यहूदियों, ईसाइयों, भाजपा और आरएसएस के सदस्यों पर हमले की जिम्मेदारी सौंपी थी। श्रीलंका के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री तिरान एलेस ने मीडिया को बताया कि श्रीलंकाई सुरक्षा एजेंसियां स्थिति पर बारीकी नजर रख रही हैं। एलेस ने मीडिया को बताया, कि हम अपने भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएं। उल्लेखनीय है कि पांच साल पहले, इस्लामिक स्टेट के हमलावरों के एक समूह ने ईस्टर पर श्रीलंका में आत्मघाती हमलों को अंजाम दिया था। इसमें 45 विदेशियों सहित 270 लोग मारे गए थे और 500 से अधिक घायल हुए थे। इन हमलों से कुछ हफ्ते पहले, भारतीय खुफिया एजेंसियों ने अपने श्रीलंकाई समकक्षों को इस्लामिक स्टेट द्वारा आत्मघाती हमलों को अंजाम देने की योजना के बारे में सचेत किया था। लेकिन लंकाई अधिकारियों ने इन चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया था।

# थामस बाख ने पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए सीएमजी के प्रसारण ग्रुप को मान्यता दी

**बिज़नेस रेमेडीज/ बीजिंग, (आईएएनएस)।**

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थामस बाख ने शांगहाई स्थित चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) के मीडिया स्टेशन का दौरा किया और सीएमजी के महानिदेशक शन हाईश्योंग के साथ पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए सीएमजी के प्रसारण ग्रुप के मान्यता समारोह में भाग लिया। इस मौके पर शन हाईश्योंग ने कहा कि कुछ दिन पहले चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने फ्रांस की राजकीय यात्रा की और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पेरिस ओलंपिक खेलों पर सिलसिलेवार सहमतियां कायम की।




शन हाईश्योंग ने आगे कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा मीडिया ग्रुप होने के नाते सीएमजी पेरिस ओलंपिक खेलों का प्रसारण करने का भरसक प्रयास करेगा। सीएमजी के 8के अल्ट्रा हाई डेफिनिशन ब्रॉडकास्ट ट्रक पेइचिंग से रवाना हो चुके हैं और जुलाई में फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंचेंगे। यह दुनिया में पहली बार होगी कि ओलंपिक खेलों के प्रसारण में 8के अल्ट्रा-हाई डेफिनिशन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। सीएमजी अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ सहयोग बढ़ाएगा और वैश्विक दर्शकों के लिए और अधिक आश्चर्य लाएगा। वहीं, थामस बाख ने आशा जतायी कि एआई और इमर्सिव ऑडियो तकनीक के ज़रिये सीएमजी दर्शकों को ओलंपिक देखने का नया अनुभव प्रदान करेगा। भविष्य में आईओसी ई-स्पोर्ट्स और एआई आदि क्षेत्रों में सीएमजी के साथ सहयोग मज़बूत करेगा। विश्वास है कि नयी तकनीक के विकास से ओलंपिक खेलों में नया बदलाव लाएगा। समारोह में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए सीएमजी का रिपोर्ट लोगो भी लॉन्च किया गया।

**पेइचिंग से पेरिस तक चीनी कलाकारों का ओलंपिक दौरा शीर्षक कला प्रदर्शनी शांगहाई में आयोजित :** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थामस बाख और चाइना मीडिया ग्रुप के महानिदेशक शन हाईश्योंग ने शांगहाई में 'पेइचिंग से पेरिस तक चीनी कलाकारों का ओलंपिक दौरा' शीर्षक कला प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। बताया जाता है कि वर्तमान कला प्रदर्शनी का आयोजन चाइना मीडिया ग्रुप ने किया। इससे पहले फ्रांस की राष्ट्रीय ओलंपिक व खेल समिति, प्रोफेशनल फुटबॉल लीग और कई कला संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में %पेइचिंग से पेरिस तक चीनी और फ्रांसीसी कलाकारों का ओलंपिक दौरा% शीर्षक कला प्रदर्शनी पेरिस में सफलता से आयोजित की गई थी। वर्तमान कला प्रदर्शनी में 62 चीनी प्रसिद्ध कलाकारों के 68 कला कार्य और शांगहाई खेल संग्रहालय में संरक्षित 11 खजाने प्रदर्शित किए गए। इसके साथ आईओसी और सीएमजी के बीच मित्रवत संचार पत्रों का प्रदर्शन भी किया गया। इन पत्रों से दोनों पक्षों के बीच सफल सहयोग और ओलंपिक संस्कृति के प्रचार में मिली उपलब्धियां दिखाई गईं।



# एक्सिस बैंक ने किसानों को कृषि उपकरणों के लिए ऋण प्रदान करने के संबंध में वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने किसानों को ट्रैक्टर और खेती के काम आने वाली मशीनें खरीदने के लिए ऋण प्रदान करने के संबंध में भारत के प्रमुख कृषि उपकरण विनिर्माता, वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स लिमिटेड (वीएसटी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। समझौते के अनुसार, एक्सिस बैंक हर जगह फैली अपनी 5370+ शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से वीएसटी के संभावित ग्राहकों को वित्तीय समाधान प्रदान करेगा।

एमओयू पर एक्सिस बैंक के कृषि मशीनीकरण (फार्म मैकेनाइजेशन) के व्यवसाय प्रमुख, राजेश ढागे और वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी, एंटनी चेरुकारा ने एक्सिस बैंक के भारत बैंकिंग के लिए खुदरा परिसंपत्ति खंड के प्रमुख, रामास्वामी गोपालकृष्णन और वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, वी टी रवींद्र की उपस्थिति में किया।

एक्सिस बैंक किसान समुदाय तक पहुंचने के लिए अपने व्यापक विस्तार का लाभ उठाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कृषि मशीनीकरण को अपनाने के लिए उन्हें आसानी से ऋण उपलब्ध हो। यह साझेदारी किसानों को कृषि क्षेत्र में बदलाव के लिए परेशानी मुक्त, किफायती और लचीली ऋण सुविधाएं प्राप्त करने में मदद




करेगी। बैंक किसानों को खेती में मशीनीकरण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए लचीले पुनर्भुगतान विकल्प, त्वरित मं?्री और ईएमआई विकल्पों पर विशेष लाभ प्रदान करेगा।

एक्सिस बैंक के कार्यकारी निदेशक और प्रमुख - भारत बैंकिंग, मुनीश शारदा ने कहा, कि हमें हमेशा ग्रामीण समुदायों और सीमांत किसानों को सबसे उपयुक्त वित्तीय समाधान प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया है। वीएसटी टिलर्स एंड ट्रैक्टर्स के साथ साझेदारी कर, हमने इन लोगों के सामने आने वाली विभिन्न वित्तीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए संयुक्त प्रयास किया है, साथ ही उन्हें प्रभावी कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। हम ग्रामीण भारत के कई साझेदारों और अग्रणी संगठनों के साथ अपना गठजोड़ को मजबूत कर रहे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि हम देश भर के लाखों किसानों के जीवन में सकारात्मक और सार्थक प्रभाव डाल सकेंगे।

एमओयू पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर, वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी, एंटनी चेरुकारा ने कहा कि हमें देश के अग्रणी बैंकों में से एक के साथ साझेदारी कर और अपने नवोन्मेषी कृषि उपकरणों को किसानों के लिए अधिक सुलभ और किफायती बनाने में खुशी हो रही है। हमारी साझेदारी, देश के ग्रामीण इलाके में किसानों को कृषि मशीनीकरण कर उत्पादकता बढ़ाने में मदद करने के हमारे संयुक्त लक्ष्य के अनुरूप है। वीएसटी में हम हमेशा प्रयास करते हैं कि खेती में लगने वाले समय तथा लागत को कम किया जाए और उत्पादन तथा खेती से होने वाली आय में बढ़ोतरी की जाए। हमें यकीन है कि यह समझौता विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों को हमारे उत्पाद खरीदने के लिए आसानी से ऋण प्राप्त करने में मदद करेगा।

दोनों संगठनों का उद्देश्य है, आसान शर्तों पर ऋण प्रदान कर और कृषि क्षेत्र में उद्यमिता को प्रोत्साहित कर किसानों को सशक्त बनाना। एक्सिस बैंक किसानों को न्यूनतम दस्तावेज़ीकरण के साथ ऋण विकल्प देगा ताकि उन्हें अपनी उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवोन्मेषी तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके जिससे आय में इफाफा होगा।

# फिजी में शुरू हुई स्टारलिंक की इंटरनेट सर्विस : एलन मस्क

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली, (आईएएनएस)।**

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की ओर से कहा गया कि स्टारलिंक की इंटरनेट सेवाएं अब फिजी में भी उपलब्ध हैं। एक दिन पहले ही स्टारलिंक की ओर से इंडोनेशिया में इंटरनेट सेवाएं शुरू की गई थी।

मस्क ने इस मौके पर कहा कि दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की सेवाएं पहुंचने से शिक्षा और आर्थिक अवसर बढ़ेंगे। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, 'स्टारलिंक की सेवाएं अब फिजी में मौजूद हैं।' स्टारलिंक हाई-स्पीड इंटरनेट सर्विस फिजी के 300 से ज्यादा आईलैंड पर उपलब्ध है। फिजी 99 वां देश है, जहां स्टारलिंक की इंटरनेट सेवाएं शुरू हुई हैं। बीते रविवार को मस्क की ओर



से इंडोनेशिया में स्टारलिंक की इंटरनेट सेवाओं को लॉन्च किया गया था। मस्क ने इस दौरान कहा था कि अब पूरे देश में इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके शुरू होने से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने में आसानी होगी और इंडोनेशिया का तेजी से विकास होगा। इंडोनेशिया में मस्क ने 10वीं 'वर्ल्ड वाटर फोरम' में भी हिस्सा लिया। साथ ही श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की और स्टारलिंक की सेवाएं श्रीलंका में शुरू करने को लेकर चर्चा की।

# चीन ने अमेरिका की तीन कंपनियों को अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में शामिल किया

**बिज़नेस रेमेडीज/ बीजिंग, (आईएएनएस)।**

चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने थाईवान क्षेत्र को हथियार बेचने वाली तीन अमेरिकी कंपनियों को अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में शामिल किया। ये तीनों कंपनियां जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स, जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स और बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी हैं।

चीनी वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी संबंधित घोषणा में कहा गया कि राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की रक्षा के लिए, 'चीनी विदेशी व्यापार कानून', 'चीनी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून' आदि प्रासंगिक कानूनों



के अनुसार, 'अविश्वसनीय संस्था सूची विनियम' के अनुच्छेद 2, 8,10 आदि प्रासंगिक प्रावधानों के आधार पर उपरोक्त तीनों कंपनियों को अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। जानकारी के अनुसार घोषणा में इन कंपनियों को चीन से संबंधित आयात और निर्यात गतिविधियों में शामिल होने, उनके चीन में नया निवेश करने, उनके वरिष्ठ प्रबंधकों को चीन में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही, चीन में इन कंपनियों के उपर्युक्त वरिष्ठ प्रबंधकों के वर्क परमिट, रहने या निवास योग्यता को अस्वीकार किया गया और रद्द किया गया है।

# NFO : कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने कोटक निफ्टी 100 लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स फंड लॉन्च किया

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कोटक म्यूचुअल फंड) ने कोटक निफ्टी 100 लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड स्कीम है, जो निफ्टी 100 लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स की ट्रैकिंग करती है। यह स्कीम पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 22 मई, को खुल रही है और 31 मई, 2024 को बंद होगी।

निफ्टी 100 लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स एक स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट इंडेक्स (रणनीतिक निवेश सूचकांक) है, जिसमें निफ्टी 100 इंडेक्स से चुने गए लार्ज मार्केट कैपिटलाइजेशन के स्टॉक शामिल हैं। निफ्टी 100 इंडेक्स के भीतर कम अस्थिरता वाले शेयरों पर ध्यान केंद्रित करना एक मजबूत निवेश पोर्टफोलियो सुनिश्चित करता है। सिक्योरिटी (प्रतिभूतियों) का चयन और उसका वेटेज पिछले एक साल की अस्थिरता पर आधारित होता है। यह लार्ज-कैप सेक्टर में भारतीय शेयर बाजार में निवेश के लिए एक लागत प्रभावी और पारदर्शी विकल्प प्रदान करता है।

कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर नीलेश शाह ने एनएफओ के लॉन्च के दौरान कहा कि कोटक म्यूचुअल फंड में, हम लगातार अपने निवेशकों को अलग अलग निवेश के विकल्प प्रदान करने का प्रयास करते हैं। कोटक निफ्टी 100 लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स फंड का लॉन्च विभिन्न जोखिम स्तरों और निवेश दृष्टिकोण को पूरा करने वाले उत्पादों की पेशकश करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। वर्तमान में, मिडकैप और स्मॉल कैप की तुलना में लार्ज कैप उचित वैल्युएशन पर हैं। यह इंडेक्स फंड निवेशकों को नियम-आधारित इंडेक्स में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है जो अलग अलग सेक्टर में कम अस्थिरता वाली लार्ज-कैप कंपनियों में निवेश करता है। इस स्कीम का निवेश उद्देश्य ऐसे रिटर्न प्रदान करना है, जो खर्चों से पहले, ट्रैकिंग एरर के अधीन, अंडरलाइंग इंडेक्स द्वारा दर्शाए गए सिक्योरिटीज के कुल रिटर्न के अनुरूप हों।

**कोटक निफ्टी 100 लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स फंड की मुख्य विशेषताएं :**

**अस्थिरता को कम करना:** अलग अलग सेक्टर में लार्ज मार्केट कैपिटलाइजेशन और कम अस्थिरता वाली कंपनियों में निवेश करके बाजार में अस्थिरता के प्रभाव को सीमित करना है।

**अनुशासित निवेश :** निवेश के निर्णय में निरंतरता सुनिश्चित करते हुए एक सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट की सोच का पालन करता है।

**नियम-आधारित रणनीति:** नियम-आधारित, निवेश रणनीति का पालन करता है, पारदर्शिता बढ़ाता है और व्यक्तिपरकता को कम करता है।

**लागत-प्रभावशीलता :** यह स्कीम सक्रिय रूप से प्रबंधित फंडों की तुलना में कम लागत वाला निवेश विकल्प देती है।

# सोनी इंडिया ने ब्राविया 2 सीरीज को किया लॉन्च

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** सोनी इंडिया ने अपना नवीनतम इनोवेशन, ब्राविया 2 सीरीज पेश किया है, जिसमें 4के अल्ट्रा एचडी एलईडी डिस्प्ले तकनीक है और जिसका उद्देश्य अपग्रेड की चाह रखने वालों के लिए मनोरंजन के अनुभव को और भी बेहतर बनाना है। ब्राविया 2 सीरीज को गूगल टीवी के साथ इंटीग्रेट किया जा सकता है और इस तरह यूजर आसानी से अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार ऐप्स, स्ट्रीमिंग सेवाओं और लाइव टीवी चैनलों की एक विस्तृत रेंज तक पहुंच सकते हैं। यूजर अगर किसी रोमांचक गेमिंग सेशन का आनंद लेना चाहें, या अपनी पसंदीदा फिल्मों और टीवी शो का मजा उठाना चाहें- ब्राविया 2 सीरीज में उन्हें मिलता है टीवी देखने का एक बेहतरीन अनुभव। इस लिहाज से ब्राविया 2 सीरीज उन लोगों के लिए जरूरी हो जाती है जो अपने घरेलू मनोरंजन सेटअप को और बेहतर बनाना चाहते हैं। ब्राविया 2 सीरी? में दो अलग-अलग वेरिएंट प्रस्तुत किए गए हैं- एस25 वेरिएंट, जो गेमिंग में दिलचस्पी रखने वालों के लिए उपयुक्त है, और इसका काउंटरपार्ट एस20, जो दूसरी तमाम खूबियों पर फोकस करता है।

सोनी की नई ब्राविया 2 सीरीज 108 सेमी (43), 126 सेमी (50), 139 सेमी (55), 164 सेमी (65) स्क्रीन साइज में उपलब्ध है। इसमें X1 पिक्चर प्रोसेसर शामिल है।

शक्ति शाली X1 प्रोसेसर शोर को कम करने और दूसरे डिटेल्स को बढ़ावा देने के लिए एडवांस्ड एल्गोरिदम का उपयोग करता है। और भी स्पष्ट 4के सिग्नल के साथ, आप जो कुछ भी देखते हैं वह 4के रिज़ॉल्यूशन के करीब है और इस तरह लाइव कलर तकनीक द्वारा संचालित जीवंत रंगों से सराबोर तस्वीर आपको नजर आती है। नए ब्राविया 2, 4के टेलीवि?न आपको ऐसी शानदार 4के तस्वीरें दिखाते हैं, जो वास्तविक दुनिया के बेहद करीब हैं। 2के और यहां तक कि फुल एचडी में फिल्माई गई छवियों को एक अद्वितीय 4के डेटाबेस का



उपयोग करके 4के एक्स रियलिटी प्रो द्वारा 4के रिज़ॉल्यूशन के करीब बढ़ाया जाता है। आप Motionflow™ XR के साथ तेज गति वाले दृश्यों में भी सहज और स्पष्ट विवरण का आनंद ले सकते हैं। यह इनोवेटिव तकनीक ओरिजिनल फ्रेम्स के बीच अतिरिक्त फ्रेम बनाती और शामिल करती है। यह क्रमिक फ्रेमों पर प्रमुख विज़ुअल फैक्टर्स की तुलना करता है, फिर अनुक्रमों में छूटी हुई क्रिया के विभाजित सेकंड की गणना करता है। कुछ मॉडलों में ब्लैक भी शामिल है।

ब्राविया 2 सीरीज ओपन बैजल डाउन फायरिंग ट्विन स्पीकर के साथ आती है जो डॉल्बी ऑडियो के साथ 20-वाट का पावरफुल साउंड प्रदान करते हैं। ओपन बैजल स्पीकर प्रभावशाली लो-एंड साउंड प्रदान करते हैं जो फिल्मों, खेल और संगीत के लिए आदर्श है। इस तरह दर्शक अब ऐसे साउंड का अनुभव कर सकते हैं, अधिक बेहतर और साफ है और जिस साउंड में गहराई तक डूबने का मन कर जाए। क्लियर फेज स्पीकर के फ्रीक्वेंसी रेस्पॉन्स का सटीक विश्लेषण करता है और इमर्सिव साउंड के लिए क्रिस्टल क्लियर क्वालिटी पेश करता है, यहां तक कि सभी फ्रीक्वेंसी के रिप्रोडक्शन के दौरान भी श्रोताओं को मिलती है शानदार साउंड क्वालिटी।

नई ब्राविया 2 सीरीज के साथ, 10,000 से अधिक ऐप्स डाउनलोड किए जा सकते हैं, 700,000 से ज्यादा फिल्में और टीवी एपिसोड देखे जा सकते हैं और साथ ही लाइव टीवी का आनंद भी लीजिए, अर्थात सब कुछ एक ही स्थान पर। गूगल टीवी विभिन्न ऐप्स और सब्सक्रिप्शन से सभी की पसंदीदा सामग्री लाता है और उन्हें व्यवस्थित करता है। खोजना आसान है- बस गूगल से पूछें। किसी भी ऐप पर कुछ तलाशना हो, तो कहें- 'हे गूगल, फाइंड एक्शन मूवीज!' दर्शक अपनी पर्सनल चॉइस के मुताबिक कंटेंट की तलाश कर सकते हैं और फोन से वॉचलिस्ट जोड़कर बुकमार्क शो और फिल्में देख सकते हैं। यूजर गूगल सर्च के साथ अपने फोन या लैपटॉप से अपनी वॉचलिस्ट को भी जोड़ सकते हैं और सब कुछ एक ही स्थान पर पा सकते हैं। ब्राविया 2 एपल होम किट और एयरप्ले को सपोर्ट करता है जो सहज कंटेंट स्ट्रीमिंग के लिए आईपैड और आईफोन जैसे एपल डिवाइसेज को टीवी के साथ इंटीग्रेट करता है।

ALLM in HDMI 2.1 के साथ, ब्राविया 2 कंसोल कनेक्ट होने और चालू होने पर पहचान लेता है और स्वचालित रूप से कम विलंबता मोड पर स्विच हो जाता है। इस तहर आप गेमिंग का और बेहतर आनंद ले सकते हैं। ऑटो एचडीआर टोन मैपिंग के साथ आपके पीएस5 कंसोल के शुरुआती सेटअप के दौरान एचडीआर सेटिंग्स तुरंत ऑप्टिमाइज हो जाएंगी। आपका पीएस5 स्वचालित रूप से अलग-अलग ब्राविया टीवी मॉडल को पहचानता है और इसके अनुसार आपके टीवी के लिए बेहतरीन एचडीआर सेटिंग का चयन करता है।

# दमदार फीचर्स से लैस रियलमी पी1 प्रो 5जी की बिक्री शुरू

**बिजनेस रेमेडीज/नईदिल्ली (आईएएनएस)।** आज के इस डिजिटल दौर में स्मार्टफोन कंपनियां अपने ग्राहकों के लिए कम कीमत में बेहतरीन फीचर्स से लैस स्मार्टफोन लॉन्च कर रही हैं। इसी कड़ी में रियलमी ने दमदार फीचर्स से लैस रियलमी पी1 प्रो 5जी लॉन्च किया है। रियलमी अपने ग्राउंड ब्रेकिंग इनोवेशन से लहर पैदा कर रहा है। हालांकि, इनोवेशन से भी अधिक महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना है कि यह सामाजिक-आर्थिक या भौगोलिक बाधाओं के बावजूद सभी के लिए आसानी से उपलब्ध हो। रियलमी ने साल 2018 में अपनी स्थापना के बाद से टेक्नोलॉजी लोकतंत्रीकरण की भूमिका को अपनाया है। इसका उद्देश्य एक इनोवेशन टेक इकोसिस्टम का निर्माण करना है जो उनके ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप हो। इनोवेशन के लिए रियलमी का विजन ऐसे प्रोडक्ट बनाने को प्राथमिकता देना है जो न केवल टेक्नोलॉजी में अत्याधुनिक हों, बल्कि दर्शकों की पहुंच के योग्य भी हों।



ब्रांड की अटूट प्रतिबद्धता अपने यूजर्स की जरूरतों को समझने और उनके दैनिक जीवन को समृद्ध (सफल) बनाने वाली अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने में निहित है।रियलमी ने पिछले महीने खास भारतीय यूजर्स के लिए नई स्मार्टफोन सीरीज़ लॉन्च की थी। जिसमें स्मार्टफोन पी1 प्रो 5जी और पी1 5जी शामिल थे।

# ऑडी इंडिया ने ऑडी क्यू7 बोल्ड एडिशन लॉन्च किया

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** जर्मनी के लग्जरी कार निर्माता ऑडी ने ऑडी क्यू7 बोल्ड एडिशन को लॉन्च करने की घोषणा की। यह आकर्षक ब्लैक डिजाइन में मिलने वाली कार है, जिससे सुंदरता और शानदार अंदाज की झलक मिलती है।

बोल्ड एडिशन में चमकदार ब्लैक ग्रिल, अगले और पिछले हिस्से में ऑडी रिंग्स, कार में विंडो के आसपास का ब्लैक एरिया, ब्लैक ओआरवीएम और ब्लैक रूफ रेल्स मिलते हैं। 97,84,000 रुपये के दाम में मिलने वाला यह बोल्ड एडिशन ऑडी के दीवानों को खासतौर पर पसंद आएगा, जो अपनी खास पहचान बनाना चाहते हैं। ऑडी क्यू7 बोल्ड एडिशन सीमित संख्या में उपलब्ध है। ऑडी क्यू7 बोल्ड एडिशन - चार बाहरी रंगों, ग्लेशियर वाइट, माइथोस ब्लैक, नवारा ब्लू और समुराई ग्रे में पेश किया जाएगा। ऑडी इंडिया के हेड बलबीर सिंह ढिल्लन ने लॉन्च के बारे में कहा, 'ऑडी क्यू7 ऑडी क्यू फैमिली का आइकन है।



इसमें ड्राइविंग की गतिगीलता के साथ अविश्वसनीय वर्सेटिलिटी का संयोजन किया गया है। बोल्ड एडिशन के साथ, हम तरह-तरह के स्टाइलिंग एलिमेंट्स से लैस ज्यादा खास वैरिएंट यूजर्स को प्रदान कर रहे हैं। सड़क पर चलते समय इसकी उपस्थिति साफ नजर आयेगी। ऑडी क्यू7 स्पेशल एडिशन उन लोगों के लिए डिजाइन की गई है, जो अपनी एक दमदार पहचान बनाना चाहते हैं और सुविधाजनक, बेहद खूबसूरत और आधुनिक तकनीक से लैस कार खरीदना चाहते हैं।'

बोल्ड एडिशन की विशेषताएं-ब्लैक स्टाइलिंग पैकेज से आपकी ऑडी की खूबसूरती में चार-चांद लग जाते हैं। इस पैकेज से कार का लुक काफी अलग और निखरा नजर आता है। इसकी ग्रिल पर बेहद चमकदार ब्लैक फिनिश की गई है। इसके अगले और पिछले हिस्से में ब्लैक ऑडी रिंग, विंडो सराउंड, बाहरी मिरर (ओआरवीएम) और कार की छत की रेलिंग पर भी ब्लैक कलर किया गया है।

ऑडी क्यू7 की अन्य विशेषताएं - यह 3.0 लीटर के वी6 टीएफएसआई इंजन, 48 वोल्ट के माइल्ड हाइब्रिड सिस्टम और शानदार क्वॉट्रो ऑल-व्हील ड्राइव से लैस है। यह 340 हॉर्सपावर और 500 एनएम का टॉर्क जेनरेट करती है। इसकी टॉप स्पीड 250 किमी प्रति घंटा है। यह काफी तेजी से 5.6 सेकेंड में 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। इसमें 48.26 सेमी (आर19) 5-आर्म स्टार-स्टाइल डिजाइन के अलॉय व्हील्स हैं। सिग्नेचर डेटाइम रनिंग लाइट्स के साथ मैट्रिक्स एलईडी हेडलैंप्स। डायनैमिक टर्न इंडिकेटर्स के साथ एलईडी टेल लैंप, सात ड्राइव मोड्स (ऑटो, कंफर्ट, डायनैमिक, एफिशिएंसी, ऑफ-रोड, ऑल-रोड और इंडिविज़ुअल), पैनोरेमिक रूफ। इस कार में अनुकूल लाइटिंग पैकेज प्लस मिलता है। कार की सतह और कार के अंदर 30 रंगों की लाइटिंग की सुविधा है। उपभोक्ता इनमें से अपनी पसंद के अनुसार कार में लाइटिंग कर सकते हैं। इस कार में ऑडी वर्चुअल कॉकपिट प्लस, ऑडी स्मार्टफोन इंटरफेस, एमएमआई नैविगेशन प्लस के साथ एमएमआई टच रेस्पॉन्स, 19 स्पीकर्स के साथ बी एंड ओ प्रीमियम 3डी साउंड सिस्टम और 730 वॉट्स की कुल पावर, इंटीग्रेटेड वॉशर नोज़ल के साथ एडैप्टिव विंडशील्ड वाइपर्स, क्रिकेट बॉल बनाने में इस्तमेमाल किए जाने वाले सली चमड़े से बनी सीटें यह 7 सीटर कार है। इसमें तीसरी पंक्ति की सीटों को इलेक्ट्रिक ढंग से फोल्ड किया जा सकता है। इस कार में एयर आयोनाइजर और मनभावन खुशबू के साथ 4 जोन एयर कंडीशिनिंग है। कार में की लेस एंट्री के लिए कंफर्ट की और इशारे से खुलने वाली इलेक्ट्रिक डिक्की, स्पीड लिमिटर के साथ क्रूज कंट्रोल,360 डिग्री कैमरे के साथ पार्क असिस्ट प्लस, लेन डिपार्चर वार्निंग, यात्रियों की सुरक्षा के लिए 8 एयरबैग्स से लैस।

**वन 2 वन**

# अपस्टॉक्स ने बीमा वितरण क्षेत्र में किया प्रवेश, भारत में धन प्रबंधन को सरल बनाने का है लक्ष्य

### टर्म लाइफ इंश्योरेंस से शुरुआत कर कंपनी अपनी पेशकश का विस्तार कर स्वास्थ्य, मोटर और यात्रा बीमा में करेगी प्रवेश

### एचडीएफसी लाइफ अपस्टॉक्स के साथ साझेदारी और प्लेटफॉर्म पर दिखने वाली पहली बीमा कंपनियों में से एक है

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** भारत के प्रमुख धन प्रबंधन प्लेटफॉर्म में से एक, अपस्टॉक्स ने बीमा वितरण व्यवसाय में प्रवेश की घोषणा की। अपस्टॉक्स को पारंपरिक रूप से स्टॉक, एफएंडओ और म्यूचुअल फंड में अपनी पेशकशों के लिए जाना जाता है, लेकिन बीमा की शुरूआत इसके एक व्यापक धन-सृजन प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

फिलहाल अपस्टॉक्स, स्टॉक, आईपीओ, एफएंडओ, कमॉडिटी, करेंसी, फिक्स्ड डिपॉजिट, पी2पी लेंडिंग, सरकारी बॉन्ड, टी-बिल, एनसीडी, सोना, बीमा और बहुत कुछ सहित वित्तीय समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए वन-स्टॉप-शॉप है। इस लॉन्च के साथ, कंपनी का लक्ष्य है, अपने उपयोगकर्ताओं को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप बीमा खरीदने का एक सरल, पारदर्शी और जरूरत के



कविता सुब्रमणियन
सह-संस्थापक, अपस्टॉक्स

अनुरूप अनुभव प्रदान कर भारत के बीमा परिदृश्य में क्रांति लाना। फिलहाल, अपस्टॉक्स अपने प्लेटफॉर्म पर टर्म लाइफ इंश्योरेंस की पेशकश कर रहा है और जल्द ही स्वास्थ्य, मोटर और यात्रा बीमा शुरू करने की योजना बना रहा है। एचडीएफसी लाइफ, अपस्टॉक्स के साथ साझेदारी करने वाली और प्लेटफॉर्म पर अपनी टर्म इंश्योरेंस योजनाएं पेश करने वाली पहली बीमा कंपनियों में से एक है।

upstox

फिलहाल, भारत में बीमा का प्रसार केवल 4.2 है और आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी पॉलिसी खरीदने के लिए पारंपरिक और एजेंट-संचालित मॉडल पर निर्भर है। इसके साथ ही, जागरूकता की कमी, विकल्पों की अधिकता, भारी-भरकम कागजी कार्रवाई और बीमा खरीदने की प्रक्रिया में जटिल शब्दजाल भी शामिल है।

अपस्टॉक्स की सह-संस्थापक कविता सुब्रमणियन ने कहा, ' हमें अपस्टॉक्स पर अपनी पेशकशों का विस्तार करने और बीमा वितरण क्षेत्र में प्रवेश करने की खुशी है। हम मानते हैं कि बीमा क्षेत्र का काम मुश्किल होता है। ग्राहकों के पास बहुत से सवाल होते हैं कि कौन सा प्लान ठीक है, किसी प्लान को चुनने के लिए सही मानदंड क्या होना चाहिए, कितना बीमा कवर पर्याप्त होगा आदि। अपस्टॉक्स में हम इन चुनौतियों को समझते हैं और हम अपने ग्राहकों को बिना किसी परेशानी के इन सभी का जवाब पाने में मदद करने के लिए समर्पित हैं। हमारा उद्देश्य है, ग्राहकों को सूचना के शोर से निपटने में मदद करना और उन्हें सही तरीके से निवेश करने में मदद करना। हम अपने प्लेटफॉर्म पर बीमा के लॉन्च के साथ अपने प्लेटफॉर्म को सरल, सुरक्षित, तेज और सहज बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं और हम अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित वित्तीय भविष्य के लिए उनकी संपत्ति को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद कर रहे हैं और इसे पूरा करने के लिए, हमें अपने पहले बीमा भागीदार के रूप में एचडीएफसी लाइफ को पाकर खुशी हो रही है।

# नेटफ्लिक्स के ग्रेट इंडियन कपिल शो पर नज़र आएंगे फराह खान और अनिल कपूर




**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** अगर अभी तक आपका नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर पिछले हफ़्ते सुपर स्टार सिंगर एड शीरन के एपिसोड का खुमार नहीं उतरा है, तो तैयार हो जाईये ओजी बॉलीवुड ट्रेंडसेटर्स फराह खान और अनिल कपूर से मिलने के लिए, जिनकी दोस्ती एक ज़माने से चली आ रही है। 13-एपिसोड की सीरीज़ के इस 9वें एपिसोड में आप फ़राह का साफ दिल और अनिल कपूर के आकर्षक व्यक्तित्व को जान पायेंगे। लेकिन ज़रा रुकिए... क्या हमने फराह को अनिल को 'पापा जी' कहते हुए सुना हैं?

कपिल के पूछने पर फराह खान ने खुलासा किया कि अनिल का यह निकनेम कैसे शुरू हुआ था। फ़राह बताती हैं, 'इसका मतलब कोई पिता वाले पापा जी नहीं है। जब हम '1942 ए लव स्टोरी' फिल्म पर काम कर रहे थे, (विधु) विनोद चोपड़ा जी हमारे साथ में थे। जब भी वो कुछ करते, हम (फराह और अनिल) उनकी तारीफ़ करते थे, 'पापाजी यू आर ग्रेटा' या 'पाप्पा जी यू आर पोप्पो ।' फिर 'पाप्पा जी' हमारा कोडवर्ड बन गया। तब से हम जब भी मिलते हैं, एक-दूसरे को 'पाप्पा जी' कहते हैं। इस एपिसोड के बाद पापाजी 'बेस्टी' या 'वे' की जगह ले सकते हैं।

# बीपीसीएल ने मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमओपीए) पर नई हाइड्रेंट सुविधाओं के साथ विमानन ईंधन क्षमताओं को बढ़ाया

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई/गोवा।** एक महार और भारत का दूसरा सबसे बड़ा सरकारी स्वामित्व वाला डाउनस्ट्रीम तेल उत्पादक भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) उत्तरी गोवा में नव स्थापित मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा में अत्याधुनिक हाइड्रेंट सुविधाओं का उदघाटन किया है।

बीपीसीएल के निदेशक (मार्केटिंग) सुखमल जैन, कंवरबीर सिंह कालरा (डिप्टी सीईओ, जीएमआर गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीजीआईएएल) और बीपीसीएल और जीजीआईएएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सुविधाओं का उद्घाटन किया। नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे की तेजी से बढ़ती ईंधन भरने की मांगों को पूरा करने के लिए उन्नत हाइड्रेंट सुविधा की शुरूआत बीपीसीएल द्वारा एक रणनीतिक कदम है। मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा गोवा के विमानन परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण योगदान है, जो डाबोलिम में मौजूदा नौसेना हवाई अड्डे का पूरक है, जिसे नागरिक विमानों के लिए सीमित परिचालन घंटों के कारण बाधाओं का सामना करना पड़ा है। मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन शुरू होने के साथ, दोनों हवाई अड्डों पर संयुक्त यातायात बढ़ गया है।

Bharat Petroleum

बीपीसीएल के निदेशक (मार्केटिंग) सुखमल जैन ने कहा, 'मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इन अत्याधुनिक हाइड्रेंट सुविधाओं का उद्घाटन भारत में विमानन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए बीपीसीएल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस रणनीतिक विस्तार का उद्देश्य बढ़ती ईंधन भरने की मांगों को पूरा करना और निर्बाध संचालन सुनिश्चित करना है। बीपीसीएल अग्रणी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है जो विमानन क्षेत्र की मजबूत वृद्धि का समर्थन करती है, दक्षता, सुरक्षा और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारे समर्पण को मजबूत करती है।

6 एकड़ भूमि में फैले, हाइड्रेंट ईंधन फार्म की भंडारण क्षमता 8,270 किलोलीटर है। हाइड्रेंट प्रणाली में भूमिगत पाइपलाइनों का एक जटिल नेटवर्क शामिल है जो हवाई अड्डे के 13 विमान पार्किंग बे से निर्बाध रूप से जुड़ता है। पूरे ऑपरेशन को पूरी तरह से स्वचालित कंसोल के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया जाता है, जिससे ईंधन वितरण में दक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

एमओपीए में उद्घाटन के अलावा, नौ अन्य हवाई अड्डों पर विमानन ईंधन स्टेशनों का अनावरण किया गया, जिससे देश भर में बीपीसीएल द्वारा संचालित सुविधाओं की कुल संख्या प्रभावशाली 75 हवाई अड्डों तक पहुंच गई। यह विस्तार ऐसे समय में हुआ है जब भारत में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगातार बढ़ रहे हैं। हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारत में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 15.4 करोड़ घरेलू हवाई यात्री रहे, जो हवाई यात्रा में उल्लेखनीय तेजी का संकेत है।




"VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 74 000*"

Scan to explore NEXA World | Scan to chat on WhatsApp

**JAIPUR: NEXA GOPALPURA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999),
**NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607),
**NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA RAJAPARK** (KTL AUTOMOBILE PVT. LTD. PH: 9257022731),
**NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st May'24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.


प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166· पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2024-26, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com